RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ।। ।। निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 21 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 19 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

सुविचार
जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है

सीएम गहलोत बोले- अब घोषणाओं की जगह आगे की गारंटी दूंगा

कहा- सरकार बनने पर अब दी हुई गारंटी पूरी करेंगे, 20 अगस्त से कार्ड बांटेंगे

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि मैंने घोषणाएं करने में कमी नहीं रखी है। मैंने कहा था आप मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा। अब चुनाव आने वाले हैं। चुनाव में घोषणाएं तो कर नहीं सकेंगे। इसलिए सोच रहा हूं, अब मैं घोषणाएं करने की जगह आगे के लिए गारंटी देना शुरू कर दूं। सरकार बनते ही आपको दी हुई गारंटी को पूरा करूंगा। गहलोत जयपुर में राजीविका सखी सम्मेलन में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा- हम एक करोड़ महिलाओं को आगे फ्री स्मार्टफोन देने के लिए गारंटी कार्ड देने जा रहे हैं। 20 अगस्त से गारंटी कार्ड बांटने की शुरूआत करने जा रहे हैं। गारंटी कार्ड लेने वाली महिलाओं को आगे फ्री स्मार्टफोन मिलेंगे। महंगाई राहत कैंपों के जरिए भी 10 तरह की गारंटी दी गई है। आगे भी हम गारंटी देंगे। सरकार ने फैसले करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राजस्थान का विकास हो रहा है। महिलाओं के लिए एक से बढ़कर एक स्कीम दे रहे हैं। महिलाएं भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। जिस प्रकार से हमारे प्रदेश की महिलाओं ने आगे आकर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। वह मिसाल है।

गहलोत ने कहा- राजीविका में महिलाओं ने अच्छा काम किया है। मुझे बताया गया है कि महिलाएं मीटिंग में आती हैं। धीरे-धीरे घूंघट अपने आप ऊपर हो जाता है, होना भी चाहिए। जब पहली बार पंचायत चुनाव हुए, महिलाएं गांव में सरपंच बनीं तो सरपंच बनने के बाद उनके पति सारा काम संभालते थे।

गहलोत ने कहा- पहली बार जब सरपंचों के चुनाव हुए तो महिला सरपंच के पति साथ आते थे। मीटिंग में बैठते थे। सरपंच बनी पत्नी तो घूंघट में है। नीचे बैठी थी और सरपंच पति हमारे साथ ऊपर आकर बैठते थे। कई बार मीटिंग में पूछते थे कि आप सरपंच नहीं हो, आपकी पत्नी सरपंच है। आप ऊपर जाकर कैसे बैठ गए तो कहते थे कि मैं सरपंच पति हूं। मैं कहता था कि सरपंच पति, प्रधान पति, प्रमुख पति नई पोस्ट क्रिएट कर दी आप लोगों ने। अब हालात बदल गए हैं। धीरे-धीरे महिलाओं में जागरूकता आई और सरपंच, प्रधान, प्रमुख बनी महिलाओं ने पति से कहना शुरू कर दिया कि हम काम संभाल लेंगी। आप घर जाकर बैठिए। इतना अंतर आया है।

हमारे संस्कार अच्छे हैं, महिला पुरुष से पूछे बिना काम नहीं करतीः गहलोत ने कहा- हमारे समाज में पुरुषों का वर्चस्व रहा है। हमारे संस्कार अच्छे हैं कि बिना पुरुष को पूछे हुए महिला काम नहीं करती। अब धीरे-धीरे महिलाएं अपने अधिकारों को समझ गई हैं। महिलाओं को संविधान में अधिकार दिया है। महिलाएं अब अपने संवैधानिक अधिकारों को उपयोग में ले रही हैं।

2030 तक विकसित राजस्थान बनाने में सुझाव दें महिलाएंः गहलोत ने कहा- हम 2030 तक विकसित राजस्थान बनाने के लिए विजन-2030 के तहत जनता से सुझाव ले रहे हैं। महिलाएं भी विजन 2030 में अपने सुझाव दें। 2030 तक क्या करना चाहिए, प्रदेश को किस तरह विकसित करना है, उस पर अपने सुझाव दीजिए।

अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

UP के कांग्रेस अध्यक्ष बनते ही अजय राय का दावा, कहा- प्रियंका चाहें तो वाराणसी से लड़ें

वाराणसी। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। इसके साथ ही उन्होंने प्रियंका गांधी से वाराणसी से चुनाव लड़ने की गुजारिश की है। राय ने गुरुवार को ही पार्टी अध्यक्ष का पद संभाला है। उन्होंने ये बातें वाराणसी में कहीं।

राय ने कहा- मैं राहुल गांधी का सिपाही हूं। अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस डंके की चोट पर जीतेगी। राहुल गांधी का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा।

एयरपोर्ट पर जुटे हजारों लोगों ने उनका स्वागत किया। जुलूस निकालकर नारेबाजी की और कांग्रेस का झंडा लहराया। एयरपोर्ट से निकलते ही अजय राय ने कहा, "अमेठी से आए सैकड़ों लोग राहुल गांधी की लोकप्रियता के गवाह हैं। अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि वह 13 रुपए में चीनी दिला रही थीं। अब 13 रुपए वाली चीनी कहां है?"

अजय राय ने कहा, "प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जमीनी कार्यकताओं को महत्व देना, संगठन को क्रियाशील बनाना, दलितों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और मध्यम वर्ग के लोगों को कांग्रेस से जोड़ना मेरा मुख्य लक्ष्य होगा। मेरा पहला लक्ष्य संगठन और लोकसभा चुनाव में पार्टी की शानदार वापसी को सुनिश्चित करना है।"

राहुल गांधी का सिपाही हूं, पूरे प्रण से लगूंगाः अजय राय ने कहा, "मैं राहुल गांधी का सिपाही हूं। शीर्ष नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। कांग्रेस मेरे लिए सिर्फ पार्टी ही नहीं बल्कि मां के समान है। मैं पूरे प्रण और प्राण के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करूंगा।

महिला मोर्चा की अध्यक्ष बोली- सीएम नाकामियाबी छिपाने चाहते है

इसलिए पुलिस ने नहीं करने दिया प्रदर्शन, सीएम रूट के चलते नहीं मिली प्रदर्शन की अनुमति

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। जयपुर में दो नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म व प्रदेश लगातार दर्ज हो रही दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर आज भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने गांधी सर्किल पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन करने का एलान किया था। लेकिन उसी समय सीएम का रूट लगने से पुलिस ने महिला कार्यकताओं को गांधी सर्किल पर नहीं जाने दिया।

इसके कारण पुलिस व महिला कार्यकताओं में काफी देर तक नोंकझोंक भी होती रही। लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इस पर महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत अपनी नाकामियाबी छिपाने चाहते है। इसलिए पुलिस ने उन्हें प्रदर्शन नहीं करने दिया।

पुलिस ने कार्यकताओं के आगे खड़ी की बसः महिला मोर्चा की कार्यकर्ता तय समय पर जेएलएन मार्ग पर गांधी सर्किल पर पहुंच गई थी। लेकिन उसी समय सीएम का रूट लगने से पुलिस ने महिला मोर्चा की कार्यकताओं को गांधी सर्किल पर जाने की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने महिला मोर्चा की कार्यकताओं को यूनिवर्सिटी गेस्ट हाउस के कॉर्नर पर रोक दिया। वहीं रस्सा लगाकर उन्हें आगे नहीं आने की हिदायत दी। इसके बाद पुलिस ने महिला कार्यकताओं के आगे पुलिस बस खड़ी कर दी। जिससे जब सीएम का कारकेट निकले तो वे उन्हें नहीं देख सके।

राजस्थान आवासन मंडल की सीधी भर्ती परीक्षा-2023

भारी मांग को देखते : आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त तक बढ़ाई

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल में सीधी भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि 21 अगस्त तक बढ़ा दी है। पूर्व में आवेदन की तिथि 18 अगस्त थी।

सचिव अल्पा चौधरी ने कहा कि मंडल में विभिन्न 258 पदों के लिए होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा-2023 की तिथि में 3 दिवस की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा मंडल का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य अभ्यर्थियों का परीक्षा के लिए आवेदन करवाना है।

चौधरी ने कहा कि सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक, भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था) के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादित कराने के लिए संकल्पित और कटिबद्ध है।

सचिव ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो की परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही और घटनाक्रम पर कड़ी और पैनी नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी भी पूरी तरह मुस्तैद और सजग रहेगी।

21 अगस्त रात 12 बजे तक कर सकते हैं आवेदन

चौधरी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया 19 जुलाई से प्रारंभ हो गई थी। आवेदक 21 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक वेबपोर्टल या आवासन मण्डल की वेबसाइट के जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना के लिए हैल्पलाइन (प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक) 9363322818/0141-2740064 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

मूसेवाला के मर्डर की अयोध्या में प्रैक्टिस हुई थी:एक नेता के फार्म हाउस में रुके थे लॉरेंस गैंग के शूटर

सितारा न्यूज नेटवक

अमृतसर। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल लॉरेंस गैंग के शूटर यूपी के अयोध्या में इकट्ठे हुए थे। अयोध्या में ये लोग एक नेता के फार्म हाउस में रहे और वहीं पर हथियार चलाने की प्रैक्टिस की। गैंग ने मूसेवाला के मर्डर की पूरी प्लानिंग यूपी के अयोध्या में ही की।

अजरबैजान से गिरफ्तार कर-के वापस इंडिया लाए गए लॉरेंस के भांजे सचिन थापन ने दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों की पूछताछ में इसका खुलासा किया। जांच में पुलिस को कुछ फोटो भी मिली हैं, जिनमें सचिन थापन के साथ लॉरेंस के दो प्रमुख शूटर सचिन भिवानी और कपिल पंडित भी नजर आ रहे हैं।

हाई कोर्ट ने सरकार पर लगाया 25 हजार का जुमार्ना

9 साल बाद भी अदालती आदेश की पालना नहीं होने पर जताया आश्चर्य, सरकार ने पालना के लिए 3 दिन मांगे

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने 9 साल में भी अदालती आदेश की पालना नहीं होने पर राज्य सरकार पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की अदालत ने पूरे मामले में नाराजगी जताते हुए कहा कि बड़े आश्चर्य व दुख की बात है कि सरकार ने 9 साल बाद भी अदालती आदेश की पालना नहीं की गई।

कोर्ट ने सरकार के आग्रह पर आदेश की पालना के लिए तीन दिन का समय दिया हैं। साथ ही कोर्ट ने कहा है कि अगर तीन दिन में भी आदेश की पालना नहीं होती है तो 23 अगस्त को सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व्यक्तिगत रूप से पेश होकर कोर्ट को बताए कि आखिर आदेश की पालना में देरी क्यों हुई।

कोर्ट ने यह आदेश श्याम सुंदर शर्मा की अवमानना याचिका पर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता दिवेश शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार को यह छूट दी है कि वह जुमार्ना राशि उस अधिकारी से वसूल कर सकती हैं। जिसकी वजह से अदालती आदेश की पालना अभी तक नहीं हुई।

गहलोत खुद छात्रसंघ चुनाव हारे थे, इसलिए किए रद्द

बेनीवाल बोले- छात्र राजनीति को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव रद्द करने के फैसले का लगातार विरोध बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और सांसद हनुमान बेनीवाल राजस्थान यूनिवर्सिटी पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस सरकार के साथ बीजेपी नेताओं पर निशाना साधा। बेनीवाल ने कहा- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्यमंत्री तो बन गए। वह खुद यूनिवर्सिटी का चुनाव हार गए थे। यही वजह है कि वह छात्र राजनीति को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। इसलिए उन्होंने चुनाव रद्द करने का फैसला किया।

बेनीवाल ने कहा- भले ही गहलोत साहब मेरी इस बात से नाराज हो जाएं कि 40 साल पुरानी बातों का जिक्र क्यों कर रहा हूं। यह हकीकत है कि वह छात्र राजनीति में फेल हो गए थे। इसी वजह से उन्हें छात्रसंघ चुनाव से तकलीफ हो रही है। जबकि बीजेपी के नेता भी चुपचाप बैठकर सत्ता का सुख भोगने का इंतजार कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी छात्रसंघ चुनाव के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। आज सबसे पहले छात्रों का प्रतिनिधिमंडल सरकार से मिलेगा। अगर उसमें कोई सकारात्मक फैसला नहीं हुआ। कल से हम प्रदेशभर में आंदोलन की शुरूआत करेंगे।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में पिछले 6 दिन से चल रहे छात्रों के धरने में पहुंचे सांसद बेनीवाल ने कहा- राजस्थान सरकार ने विश्वविद्यालय की स्वायत्तता को कम करने के साथ ही छात्रसंघ पदाधिकारियों को भी कमजोर किया है। क्योंकि सरकार में बैठे मंत्री, विधायकों और सांसदों को उनसे चिड़ मचती है। उन लोगों को डर लगता है। कहीं यूनिवर्सिटी से आया नेता उनकी राजनीति खतरे में नहीं डाल दे। क्योंकि जो नेता छात्र राजनीति से आते हैं। वह आम नेताओं के मुकाबले ज्यादा निर्भीक, निष्पक्ष और मजबूत होते हैं। कुछ ऐसे नेता भी होते हैं। जिन्हें छात्र नेताओं से जलन होती है। यह वह लोग होते हैं, जो छात्रसंघ चुनाव हारे हुए हैं। बाद में बड़े राजनीतिक पद पर बैठे हैं। जैसे अशोक गहलोत हैं। सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा- जब मैं छात्र राजनीति में सक्रिय था। तब साल 1998 में सरकार ने छात्रसंघ चुनाव बंद करने का फरमान जारी कर दिया था। उस वक्त मेरे से जो चुनाव हारे थे।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।
गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

पूर्वानुमान>	शनि	रवि	सोम	मंगल
अधिकतम>	33°c	32°c	35°c	33°c
न्यूनतम>	25°c	26°c	25°c	26°c

27°

राजीविका सखी सम्मेलनः राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं निभा रहीं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

ब्यावर जिले में 5,279 स्वयं सहायता समूह में 64 387 महिलाएं



सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीविका जैसे कार्यक्रमों से महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व कार्यकाल में अजमेर जिले से स्वयं सहायता समूहों की शुरूआत की गई। आज वह प्रयास इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में वृहत रूप में सबके सामने है। राजीविका से जुड़कर महिलाएं विभिन्न प्रकार के उद्यमों एवं नवाचारों में भाग ले रही है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्हें अपनी क्षमताओं एवं संविधान प्रदत्त अधिकारों की पहचान हुई है। सहकारिता की भावना से कार्य करते हुए राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं आज प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। श्री गहलोत शुक्रवार को जयपुर के जेईसीसी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परिषद् (राजीविका) द्वारा आयोजित ह्यसखी सम्मेलनह्न को सम्बोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में प्रदेश भर से राजीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही, बड़ी संख्या में महिलाएं वी सी के माध्यम से भी कार्यक्रम से जुड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राजीविका के अंतर्गत 3.60 लाख समूहों का गठन कर लगभग 43 लाख महिलाओं को इनसे जोड़ा गया है। राज्य सरकार इन समूहों को 4774 करोड़ का ऋण उपलब्ध करवा रही है। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार का एक अहम प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सौंपे चेक

मुख्यमंत्री ने बैंकों द्वारा दिये जाने वाले 381 करोड़ रुपये की ऋण राशि के चेक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपे। साथ ही, राजस्थान महिला निधि से दिये जाने वाले 63 करोड़ रुपए, आजीविका संवर्द्धन सहायता द्वारा दिए जाने वाले 160 करोड़ रुपए एवं जलग्रहण विकास कर्न्वजेंस सहायता द्वारा दिए जाने वाले 98 करोड़ रुपए की राशि के चेक भी राजीविका से जुड़ी महिलाओं को प्रदान किये। इस अवसर पर श्री गहलोत ने महिलाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया।

महिलाओं को सशक्त बना रही योजनाएं

प्रदेश सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को लाभान्वित कर रही है। राज्य में लगभग 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1000 रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट, 500 रुपये में गैस सिलेण्डर जैसी योजनाओं से आमजन को राहत दी जा रही है। महिलाओं के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन, रोड़वेज बस किराये में 50 प्रतिशत छूट, इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत इंटरनेट युक्त निःशुल्क स्मार्टफोन, आरटीई के तहत 12वीं तक छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, नई महिला नीति लागू करने, सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण, मकान के खरीद-बेचान में रजिस्ट्री महिला के नाम से होने पर शुल्क में छूट देने जैसे निर्णय लिए गए हैं। अनिवार्य एफआईआर की नीति से महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अत्याचारों में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 तक राजस्थान को को देश का अग्रणी राज्य बनाना हमारा ध्येय है। इसमें राजीविका से जुड़ी महिलाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी।

मुख्यमंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समर्थ सखी योजना, इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण), एकीकृत खेती क्लस्टर (आईएफसी) कार्यक्रम एवं डिजिटल सखी योजना का शुभारंभ किया। डिजिटल सखी योजना के तहत महिलाओं को चरणबद्ध रूप से डिजिटल प्रशिक्षण दिया जाएगा। एकीकृत खेती क्लस्टर कार्यक्रम के द्वारा महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

राजीविका कैडर से जुड़ी महिलाओं के मानदेय में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी। राजीविका से जुड़ी महिलाओं को कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाएगा। राजीविका से जुड़ी महिलाएं 2.5 प्रतिशत की जगह शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर स्कूटी खरीद पाएंगी । उड़ान योजना के अंतर्गत सेनिटरी नैपकिन की पूरी सप्लाई एवं बनाने का कार्य चरणबद्ध रूप से राजीविका को सौंपा जाएगा। इंदिरा रसोई योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 1000 रसोईयों का संचालन एवं प्रबंधन राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा।

ब्यावर का जिला स्तरीय कार्यक्रम अंबेडकर भवन में हुआ आयोजित

जयपुर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय राजीविका सखी सम्मेल से राज्य के सभी जिलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा गया, इस क्रम में ब्यावर का जिला स्तरीय कार्यक्रम अंबेडकर भवन में प्रातः 11:00 बजे से आरंभ हुआ । कार्यक्रम स्थल पर जिले की एवं तहसीलों से आई बड़ी संख्या में राजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं सम्मिलित हुई । उल्लेखनीय है की वर्तमान में ब्यावर जिले में कल 5,279 स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं जिन से कुल 64,387 महिलाएं जुड़ी हुई है । ब्यावर जिले के स्वयं सहायता समूहों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ट्रेंच 1 में लगभग 5 करोड़ की राशि तथा ट्रेंच 2 में लगभग 18 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जा चुकी है साथ ही लगभग 31 करोड का बैंक रेट भी दिया जा चुका है अंबेडकर भवन में हुए कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रोहतास सिंह तोमर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मृदुल सिंह, ब्लॉक विकास अधिकारी बलराम मीणा, तहसीलों व ग्रामो से आए जनप्रतिनिधि, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में राजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रही ।

पंचाग

दिनांकः-19 अगस्त 2023 शनिवार

विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

तिथि	तृतीया	22:18:54
पक्ष	शुक्ल	
नक्षत्र	उत्तर फाल्गुनी	25:46:17
योग	सिद्ध	21:17:09
करण	तैतुल	09:11:19
करण	गर	22:18:54
चन्द्र राशि	कन्या	
सूर्य राशि	सिंह	
दिशा शूल	पूर्व	
सूर्योदय(जयपुर)		06:01:13
सूर्यास्त	18:59:28	
चंद्रोदय	08:17:04	
चंद्रास्त	20:48:14	
राहू काल	09:16 - 10:53	
अभिजित	12:05 - 12:57	

शुभ चोघडिया

शुभ	07:39 - 09:16	शुभ
चर	12:30 - 14:08	शुभ
लाभ	14:08 - 15:45	शुभ
अमृत	15:45 - 17:22	शुभ

विशेष जानकारी:-
झूला तीज:-आज
चतुर्थी व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

जनसंपर्क यात्रा अभियान के पहले चरण की अपार सफलता के बाद

परिवर्तन प्रकृति का नियम है , अबकी बार जनता ने परिवर्तन का मूढ़ बना लिया है : डॉ सुषमा यादव

तीन चरणों में पूरा होगा डॉ. सुषमा यादव का चौमूं विधानसभा का जनसंपर्क अभियान

भाजपा नेत्री डॉ सुषमा यादव के जनसंपर्क यात्रा अभियान का दूसरा चरण कल

सितारा न्यूज नेटवर्क

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर) । भाजपा नेत्री डॉ. सुषमा यादव के चौमूं विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क यात्रा अभियान के दूसरे चरण की यात्रा कल रविवार को प्रातः 8:15 बजे देवपुरा मंदिर प्रांगण से शुरू होगी जो देवपुरा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर लोहरवाड़ा नरसिंहपुरा खन्नीपुरा मलिकपुर सांदरसर आलीसर चारणवास सीतारामपुरा नांगल कलां ढोढ़सर सिंगोदकलां सिंगोद धोबलाई गोविंदगढ़ अणतपुरा चिमनपुरा ईटावा उदयपुरिया होते हुए भोपावास पहुंचेगी । इस दौरान भाजपा नेत्री डॉ.सुषमा यादव केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के पक्ष में जन-समर्थन जुटाने का काम करेगी । गौरतलब है कि जनसंपर्क यात्रा के पहले चरण में शामिल चौमूं विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ सुषमा यादव के जनसंपर्क यात्रा अभियान को सराहा गया था । साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ. सुषमा यादव का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया था । डॉ सुषमा यादव ने बताया कि जनसंपर्क यात्रा के पहले चरण को ग्रामीण क्षेत्रों में अपार जनसमर्थन मिला जगह जगह स्वागत व अभिनंदन हुआ जनसंपर्क यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ग्रामीणों द्वारा सराहा गया ।

उन्होंने बताया कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है । चौमूं विधानसभा की जनता का मूढ़ इस बार बदला बदला नजर आ रहा है कुल मिलाकर कहा जाए तो चौमूं विधानसभा के पहले चरण मे देखा गया कि जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है चौमूं की आम जनता परिवर्तन चाहती है।

गौरतलब है कि भाजपा नेत्री सुषमा यादव आगामी विधानसभा चुनाव में चौमूं विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के बतौर टिकट की दौड में बनी हुई है । डॉ सुषमा यादव 2011 से लगातार आमजन के हितों के लिए संघर्ष कर रही हैं । बता दे कि भाजपा महिला विधायक प्रत्याशी के रुप में डॉ. सुषमा यादव का आमजन में भी अच्छा खासा क्रेज नजर आ रहा है । डॉ.सुषमा यादव ने आमजन से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा उनके जनसंपर्क यात्रा अभियान का हिस्सा बने साथ ही चौमूं क्षेत्र को खुशहाल बनाने व क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में विकास की दिशा में वे उनके भागीदार बने।

आओ सखी अब हम भी बात कर सकेंगे

इन्दिरा गांधी मुफ्त स्मार्टफोन योजना के तहत मोबाइल मिलने पर महिलाओं के खिल उठे चेहरे

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे 16 अगस्त 2023 बुधवार से राजस्थान सरकार की इंदिरा गांधी मुफ्त स्मार्टफोन योजना के तहत प्रतिदिन पात्र महिलाओं को मुफ्त स्मार्ट मोबाइल फोन दिए जा रहे है। मुफ्त मे स्मार्टफोन लेकर महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मुफ्त स्मार्टफोन योजना को सराहा जा रहा है, मोबाईल फोन लेने के दौरान महिलाऐं गहलोत को धन्यवाद देते हुए दिखाई दी और मोबाइल लेकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। रैणी क्षेत्र मे 16 अगस्त को भजेड़ा पंचायत के पात्र परिवारों को दिए गए है एवं गुरूवार 17 अगस्त को प्रागपुरा पंचायत की महिलाओं को दिए गए है। इसी क्रम में शुक्रवार को बहड़को पंचायत के पात्र परिवार की महिलाओ को स्मार्टफोन दिए गए है। प्रोग्रामर अरविन्द मीना ने बताया कभी कभी सर्वर डाउन चलने के कारण थोडी-बहुत परेशानी आ जाती है जो भी धीरे धीरे ठीक हो जाएगी।

हरियाली तीज महोत्सव में नृत्य व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा / बहरोड़ । कस्बे के नारायण दास महिला महाविद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लहरिया कैट वॉक में निकिता जांगिड़ ने प्रथम व अमीषा यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में निशा सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व संजना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मटका प्रतियोगिता में संजू प्रथम शालू व रिंकू द्वितीय, नींबू चम्मच दौड़ में सारिका प्रथम स्थान प्राप्त किया ।इस दौरान प्राचार्य राजेश यादव, उप प्राचार्य सुनील यादव, नवीन यादव, सचिव जय प्रकाश मीणा, उपाध्यक्ष लोकेश मीणा सहित छात्राएं व कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

कंचनपुर पुलिस की कार्रवाई...

तीन साल से फरार हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क

बाडी/अंकित गोयल । पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर एवं पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस द्वारा वांछित अपराधिओं एवं असामाजिक तत्वों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान बाबूलाल मीना आरपीएस वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सैंपऊ के निकटतम सुपरविजन में योगेन्द्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना कंचनपुर द्वारा दिनांक 17.08.23 को कांस्टेबल सोनवीर सिंह की विशेष सूचना पर मुकदमा नंबर 215/20 धारा 147, 148, 149, 302 थाना कंचनपुर में करीब 3 साल से फरार चल रहे 1000 रुपए के इनामी बदमाश केशव पुत्र भरत सिंह उम्र 52 साल जाति गुर्जर निवासी छिगां का अडडा अतिराज का पुरा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को अतिराज पुरा के पास बाडी बाईपास पर कार्यवाही करते हुये बड़ी मशकत से गिरफ्तार किया गया जिससे अनुसंधान जारी है एवं इलाका हाजा में इनामी बदमाश एंव वांछित / फरार अपराधीओ के विरूद्ध धरपकड अभियान जारी है कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम का विवरण योगेन्द्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक थानाधिकारी, उमेश सिंहं, सोनवीर सिंह, (विशेष भूमिका), अर्जुन सिंह पुलिस थाना कंचनपुर मौजूद रहे।

भाजपा का विशेष सदस्यता अभियान अजमेर देहात में शुरू

देश मे एक मात्र विचारधारा व सिद्धांत वाली पार्टी भाजपाः भूतड़ा

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में शुरू किये गए विशेष सदस्यता अभियान की लॉन्चिंग आज अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष देवीशंकर भुतड़ा ने की इस अवसर पर एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, मंडल अध्यक्ष डूंगरसिंह रावत, बुधराज शर्मा, विजय दगदी, जितेंद्र कावड़िया, सत्येंद यादव, मुकेश घावरी, विक्रांत सिंह रावत, रवि चौहान, संतोष जाग्रत, तारा सोनी, राजेश्वरी यादव, लीला रावत, यज्ञेश शर्मा, रामेशवर गहलोत, लक्ष्मण सिंह हुडा, महिपाल सिंह यादव आदि थे। सदस्यता अभियान के दौरान संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि देश के अंदर भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो किसी विचार और सिद्धांत को लेकर कार्य करती है आज इसी कारण विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हे और इस पार्टी के नेता व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के लोकप्रिय नेता हे अतः हमे पार्टी की विचारधारा व मोदी जी के विकाश कार्यो की गाथा को घर घर तक पहुँचाना है इसलिए प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 नए मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने का काम करना है ताकि बूथ मजबूत हो सके, बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र के साथ काम करना है। हमे समाज के हर वर्ग की जोड़कर भाजपा को मजबूत करना है। भूतड़ा ने कहा की टोल फ्री नंबर 8140200200 पर मिस्ड कॉल करके सदस्यता ग्रहण की जा सकती है। इसके साथ ही भाजपा की ओर से क्यूआर कोड स्केनर को स्कैन करके भी आप भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं भाजपा प्रदेश के निदेर्शानुसार जिलाध्यक्ष श्री भूतड़ा ने सदस्यता अभियान का जिला सयोंजक महेन्द्र सिंह मझेवला, सह सयोंजक वीरभद्र सिंह राठौड़, प्रेमराज जाट व कैलाश गुर्जर को बनाया है इसके साथ ही विधानसभा अनुसार भी बनाये गए है। ब्यावर विधानसभा में करण सिंह रावत, सह सयोंजक शिवप्रकाश सामरिया व यज्ञेश शर्मा, पुष्कर में राजेंद्र महावर, महेन्द्र सिंह रावत खोड़ा गणेश, भोलाराम गुजर नसीराबाद में वैभव तेला, महावीर मेघवंशी, अनिता बेरवा मसूदा विधानसभा में सुभाष वर्मा, बसन्त भंडारी, मनीष जोशी केकड़ी में वीरभद्र सिंह राठौड़, गोविंद जैन व मनोज खटाला को मनोनीत किया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

यह पेज मंडल आयुक्त की कार्यशैली को समर्पित...

विदाई तो है दस्तूर जमाने का पुराना, पर जहां भी जाना अपनी छाप कुछ ऐसे छोड़ जाना की, हर कोई गुनगुनाएं 'तुम्हारा ही तराना'

आप जैसा सज्जन कहीं नहीं है, आपके जैसा सरल मन कहीं नहीं है, आपको हम विदा कर दें मगर, सीनियर जैसा धन कहीं नहीं है : मंडल स्टाफ

आवासन आयुक्त विदाई कार्यक्रम

नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के कायाकल्प का श्रेय आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को जाता है। अरोड़ा ही वह करामाती व्यक्ति हैं, जो असंभव को भी संभव करने की ताकत रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं इनकी विदाई पर भावुक हूं और दुखी भी, लेकिन इनके सुखद भविष्य की कामना करता हूं। मंत्री धारीवाल शुक्रवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन में आयुक्त पवन अरोड़ा के भव्य विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों में हुए काम कई दशकों में भी नहीं हो पाए थे।

अरोड़ा ही वह करामाती अधिकारी, जो असंभव को भी संभव करने की रखते हैं ताकत

आवासन आयुक्त को कार्मिकों ने दी नम पलकों से भावभीनी विदाई

किसी ने मंडल के लिए लकी चार्म तो किसी ने डायनेमिक पर्सनेलिटी बताया

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। अरोड़ा करामाती शख्सियत हैं। उन्होंने कहा कि जिन 3 अधिकारियों से मैं सबसे ज्यादा प्रभावित रहा हूं और जिन्होंने नगरीय विकास को एक नई दिशा दी उनमें आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा भी एक हैं। धारीवाल ने कहा कि अरोड़ा ने 1998 में 'ऑपरेशन पिंक' के दौरान जयपुर के बरामदे खाली करने में प्रभावी भूमिका निभाई थी। इन अधिकारियों की कार्यशैली से अन्य अधिकारी भी प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि अरोड़ा ने आवासन मंडल के पारंपरिक काम के साथ लीक से हटकर कोचिंग हब, चौपाटी, सिटी पार्क का निर्माण कराया। आज ये निर्माण न केवल प्रदेश बल्कि देशभर में चर्चित हैं। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने भावुक होते हुए कहा कि आज जिस मुकाम पर हम हैं। उसका पूरा श्रेय मैं टीम को देता हूं। यह मेरी नहीं बल्कि संस्थान और पूरी टीम की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जीवन आगे बढ़ते रहने का नाम है। आप सबने मेरा सहयोग किया, मैं हर समय आप सबके लिए तत्पर तैयार मिलूंगा। आवासन भवन के मुख्यालय आवास भवन में हुए भव्य विदाई समारोह में शामिल ज्यादातर लोगों की आंखें नम थीं। हर कोई आयुक्त की कार्यशैली, अनुशासन, मिलनसारिता और समयबद्धता की तारीफ करता नजर आया। आयुक्त पवन अरोड़ा को मंडल के अधिकारी और कार्मिकों ने भीगी पलकों से भावभीनी विदाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

विजनरी लीडर और लकी चार्म हैं अरोड़ा

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ सिंह ने कहा कि मंडल के इतिहास में ऐसा कर्मचारी हित और मंडल हित में सोचने वाला अधिकारी कभी नहीं आया। उन्होंने सदैव कर्मचारी हितों को प्राथमिकता दी। इन्हीं के शासन में मंडल ने 118 करोड़ से हजारों करोड़ तक पहुंचाया। इन्हीं के प्रयासों से 34 साल बाद मंडल में भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो पाई। उन्होंने कहा कि अरोड़ा मंडल के लिए विजनरी लीडर और लकी चार्म साबित हुए।

डेडबॉडी में भी जान डालने की कुव्वत

सचिव अल्पा चौधरी ने कहा कि आयुक्त महोदय में वह जील और पावर है कि वे डेड बॉडी में भी जान डाल सकते हैं। उन्होंने लगभग मृतप्राय पड़े बोर्ड को पुनर्जीवित कर यह साबित कर दिया की बेहतर लीडरशिप हो तो कुछ भी काम संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के उन अधिकारियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन दर्जन से ज्यादा पुरस्कार दिलवाए जिन्हें पिछली सरकार में लोग नकारा कहा करते थे।

आवासन आयुक्त की लीडरशिप में मंडल की उपलब्धियां एक नजर

अधिशेष आवासों का निस्तारण :
मण्डल को विरासत में लगभग 20 हजार बिना बिके आवास मिले थे इनमें से मण्डल ने 15,976 अधिशेष आवासों को ई-ऑक्शन, खुली बिक्री योजना, बुधवार नीलामी उत्सव, स्वर्ण जयंती उपहार योजना, ई-बिड सबमिशन से पूर्ण पारदर्शिता के साथ बेचान किया, जिससे मण्डल ने 2 हजार 368 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

प्रीमियम सम्पत्तियों का निस्तारण :
मण्डल की बिखरी हुई अवस्था में पड़ी सम्पत्तियों का चिह्नीकरण एवं 1,214 व्यावसायिक व 420 आवासीय सम्पत्तियों का नीलामी से विक्रय कर कुल 1634 सम्पत्तियों से मण्डल को 1 हजार 974 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

अपनी दुकान-अपना व्यवसाय योजना से निस्तारण :
अपनी दुकान-अपना व्यवसाय योजना के अन्तर्गत 27 वर्गमीटर तक के 1559 भूखण्ड/निर्मित दुकान व 27 वर्गमीटर से अधिक के 163 भूखण्ड/निर्मित दुकानों का विक्रय कर कुल 1722 सम्पत्तियों से मण्डल को 277 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण
महज 4 वर्ष की अल्पावधि में अधिशेष आवासों के विक्रय, प्रीमियम सम्पत्तियों के ई-ऑक्शन, लीज मनी और बकाया किश्तों की वसूली से

मण्डल का टर्न ओवर लगभग 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना:
मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत जयपुर व भिवाडी में 7 प्रोजेक्ट मण्डल ने हाथ मे लिये हैं, जिनके लगभग ढाई हजार फ्लैट्स का कब्जा हम आगामी एक माह में सुपुर्द कर देंगे तथा लगभग 2 हजार फ्लैट्स का कब्जा सितम्बर माह तक दे दिया जावेगा।

छोटे शहरों में नवीन आवासीय योजनाएं:
मण्डल द्वारा वर्ष 2021 में 15 योजनाओं में 2967 आवासों का निर्माण पूर्ण कर कब्जा सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही लगभग 750 आवास निमार्णाधीन एवं वर्ष 2023 में 27 योजनाओं का शुभारम्भ किया गया जिनमें 4569 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

प्रमुख वृहद् परियोजनाएं:
मण्डल द्वारा लीक से हटकर वृहद स्तर पर देश का प्रथम कोचिंग हब, विश्वस्तरीय सिटी पार्क व फाउंटेन स्क्वायर, फैमिली गेदरिंग के लिये प्रताप नगर व मानसरोवर में जयपुर चौपाटियां, कोटा की कुन्हाडी आवासीय योजना में कोटा चौपाटी, माननीय विधायकगणों के लिये कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, एन.आर.आई. क्लब-21, 125 ओपन एयर जिम की स्थापना और इंदिरा गांधी नगर, जयपुर में 60 मीटर चौडे गंगा मार्ग का सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण भी किया गया।

मण्डल की प्रमुख आवासीय परियोजनाएं:
प्रताप नगर में राज्य के शिक्षकों एवं प्रहरियों के लिये मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना, एआईएस रेजीडेन्सी फेज- प्रथम एवं द्वितीय, माननीय विधायकगणों के लिये विधायक आवास परियोजना, प्रताप नगर में स्टूडियों अर्पाटमेंट, एनआरआई स्काई पार्क, एस.एस. रेजीडेन्सी व एमएनआईटी के फैकल्टी हेतु योजना बनाई गई।

राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त अवार्ड:
आवासन मण्डल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से भी नवाजा गया है जो किसी भी सरकारी संस्था के लिये अपने आप में एक बहुत बडी उपलब्धि है। साथ ही इन 4 सालों में 35 अवॉर्ड्स/प्रशंसा पत्र मंडल ने अपने नाम किये हैं।

चीफ इंजीनियर से लेकर चीफ आर्किटेक्ट तक रहे आयुक्त

मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न योजनाओं की डिजाइन और प्लानिंग में आयुक्त इतनी दिलचस्पी रखते हैं कि चीफ इंजीनियर से लेकर चीफ आर्किटेक्चर तक की भूमिका वे ही निभाते नजर आते हैं। बात सिटी पार्क, कोचिंग हब, चौपाटियों की हो या विधायक आवास परियोजना की आयुक्त ने हर छोटी-छोटी डिटेल्स का ध्यान रखा। उनकी प्राथमिकता निर्माण के साथ रखरखाव पर भी पूरी तरह रही। उनकी क्विक डिसीजन पावर, हेल्पिंग नेचर, इन्नोवेटिव आइडियाज, डिसीपिलेन और किसी भी काम को लिंगर ऑन नहीं करने की आदत इन्हें औरों से जुदा बनाती है। मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता ने उद्बोधन देखकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया के चैनल हेड जगदीश चंद्र, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुषमा अरोड़ा सहित कई अन्य राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि अरोड़ा पिछले 4 सालों से आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और हाल ही उन्होंने ऐच्छिक सेवानिवृति ली है। विगत 4 सालों के कार्यकाल में अरोड़ा ने ऐसे ऐतिहासिक कार्यों को पूरा किया, जो पिछले कई दशकों में भी नहीं हो पाए। आयुक्त के नेतृत्व में मंडल ने इस अल्पावधि में 17 हजार अधिशेष आवासों को ई-ऑक्शन, बुधवार नीलामी उत्सव, स्वर्ण जयंती उपहार योजना द्वारा बेच चुका है तथा ई-बिड सबमिशन, ह्युअपनी दुकान-अपना व्यवसायह्व योजना के माध्यम से अभी तक कुल रिकॉर्ड 18 हजार 785 सम्पत्तियों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर चुका है।

इस दौरान आवासन मण्डल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से भी नवाजा गया है जो किसी भी सरकारी संस्था के लिये अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। साथ ही इन 4 सालों में 35 अवॉर्ड्स मंडल ने अपने नाम किये हैं। मंडल ने महज 4 वर्ष की अल्पावधि में अधिशेष आवासों के विक्रय, प्रीमियम सम्पत्तियों के ई-ऑक्शन, लीज मनी और बकाया किश्तों की वसूली से अपनी स्थापना से लेकर अभी तक का सर्वाधिक 4 हजार 637 करोड रूपए का राजस्व अर्जित किया और इन 4 वर्ष में मंडल का टर्न ओवर लगभग 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

आयुक्त की लीडरशिप में मण्डल ने समाज के सभी वर्गों के लिये जैसे शिक्षकों, प्रहरियों, ऑल इण्डिया सर्विस अधिकारियों, राज्य सरकार के अधिकारियों आदि के लिये योजनाएं शुरू की जिनके लगभग 1500 आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने वाला है। कुल मिलाकर पिछले 4 सालों में मंडल ने लगभग 17,000 पुराने आवास बेच दिए। लगभग 9500 नए आवास बनाकर अधिकांश का कब्जा दे दिया और लगभग 4500 और आवासों का निर्माण प्रारंभ करवा दिया है। मण्डल ने इन 4 वर्षों में 6 नए बाजार विकसित किये जिनमें प्रताप नगर में आयुष मार्केट, राणा सांगा मार्केट, मानसरोवर में आरएचबी आतिश मार्केट, श्री झूलेलाल तिब्बती मार्केट कोचिंग हब आर्केड व ग्रीनवुड शॉपिंग आर्केड शामिल हैं, जिससे आमजन को खासी सुविधा हुई। मण्डल को सशक्त करने के लिए एक्ट में संशोधन किया और मण्डल को अपनी सम्पत्तियों से अतिक्रमण हटाने और बकाया किश्तों/लीज राशि वसूल करने के लिए अधिकार दिए गए। मंडल द्वारा रिकॉर्ड 3 लाख वर्ग मीटर से भी अधिक भूमि अतिक्रमण मुक्त करायी गई जिससे मण्डल को 2 हजार 52 करोड रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

पवन अरोड़ा लीक से हटकर काम करने के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी मूल जिम्मेदारी निभाते हुये ना केवल आवासों का निर्माण किया है अपितु चौपाटियों, सिटी पार्क का निर्माण भी किया है। जयपुर में 2, कोटा में 1 चौपाटी, शानदार सिटी पार्क के साथ-साथ विश्व स्तरीय कोचिंग हब का निर्माण किया गया है। आवासन मण्डल द्वारा प्रताप नगर में वृहद स्तर पर 67 हजार स्क्वायर मीटर भूमि पर देश का प्रथम कोचिंग हब विकसित किया गया है, जो कि किसी विदेशी यूनिवर्सिटी कैम्पस की तर्ज पर बनाया लगता है। राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा विश्वस्तरीय ह्लसिटी पार्कह्ल का निर्माण कराया जिसको देखकर ऐसा लगता है कि हम सिंगापुर में खडे. हों। मंडल द्वारा जयपुर के प्रताप नगर, मानसरोवर और कोटा में भव्य चौपाइयों का निर्माण किया गया है। ये चौपाटियां पर्यटन के आकर्षण का बड़ा केन्द्र बन गई हैं, जिनमें वीकेंड पर हजारों लोग लजीज व्यंजनों का लुत्फ लेते हैं। ये सारे कार्य आवासन आयुक्त और उनकी टीम की प्रतिबद्धता दशार्ता है। निश्चित तौर पर मण्डल अब अपनी पुरानी छवि को तोड़कर एक नई दिशा में कार्य कर रहा है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जरूरी

अब तक भारत का असमान विकास हुआ है, कुछ क्षेत्र काफी विकसित हैं, कुछ पिछड़े हैं, ग्रामीण क्षेत्र बहुत पिछड़े हैं। जबकि हरेक क्षेत्र में संभावनाएं हैं, व विकास की जरूरत भी है। होना यह चाहिए था कि समूचे देश का समान विकास होता, क्षेत्रीय शक्ति के आधार पर विकास का विकेंद्रित मॉडल विकसित होता। आजादी के वक्त से विकास के विकेंद्रित मॉडल को अपनाने की अवधारणा रही है, लेकिन व्यवहार में इस पर अमल नहीं हुआ। लचर और गैरजवाबदेह नौकरशाही ने कभी विकास के विकेंद्रीकरण को मजबूत करने के लिए प्रयास ही नहीं किया। पंचायती राज को लागू करने के पीछे भी मकसद यही था कि विकास की धारा को गांवों तक पहुंचाई जाय, पर व्यवहार में इस मोर्चे पर भी सरकार के खाते में अधिक उपलब्धियां नहीं हैं। समावेशी विकास दो ऐसे शब्द हैं, जो सरकारी महकमे में सबस अधिक प्रयुक्त होते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा कम ही होता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा के 'जिला पंचायत' सदस्यों से विभिन्न विकास पहलों को जन-आंदोलन बनाने के लिए काम करने का आग्रह किया और कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए "हर गांव, तहसील और जिले में विकास का दीपक जलाना है। दरअसल, भारत को विकास के पथ पर गतिशील रखने के लिए जरूरी है कि विकास की सभी विकेंद्रित लोकतांत्रिक इकाइयां एक साथ एकजुट होकर एक लक्ष्य के लिए समयबद्ध कार्य करें। पंचायती राज लाने का मकसद ही यही था कि ग्रामीण स्तर पर भारत का मजबूत विकास तंत्र बने। अब पीएम ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए हर गांव, तहसील और जिला के स्तर पर समावेशी विकास की आवश्यकता का आह्वान किया है। यह बहुत जरूरी आह्वान है, यह बहुत पहले होना चाहिए था। संविधान के सामाजिक लोकतंत्र और आर्थिक लोकतंत्र के लक्ष्य की पूर्ति के लिए पंचायत, तहसील व जिला स्तर पर विकास के तंत्र को मजबूत करना ही होगा। सबका साथ सबका विकास के ध्येय के लिए लोकतंत्र के सभी स्तंभों का भागीदार होना जरूरी है। ग्राम स्वराज के लिए पंचायती संस्थाओं को अपनी पूर्ण शक्ति से काम करना होगा। अगर सभी पंचायतें, सभी तहसील, सभी जिले एक साथ अपनी क्षेत्रीय शक्तियां और जरूरतों के हिसाब से विकास केंद्रित प्रोजेक्ट पर काम करें तो देश पांच से दस साल में अधिकतम लक्ष्य हासिल करेगा। पेयजल, ग्रामीण सड़कें, बिजली आपूर्ति व वितरण, सोलर ऊर्जा का प्रयोग, स्कूलों व अस्पतालों का निर्माण व संचालन, सहकारी खेती, हार्टिकल्चर, पशुपालन, मत्स्यपालन, कुटीर उद्योग, जिला स्तर पर लघु व मध्यम उद्योग, जल संरक्षण आदि ऐसे काम हैं, जिसमें जनभागीदारी व सरकार के सहयोग से देश आर्थिक क्रांति कर सकता है। कौशल विकास इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। कम समय में देश की जीडीपी डबल डिजिट में आ सकती है। आकांक्षी जिला, वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट आदि थीम पर कुछेक राज्य काम कर रहे हैं, लेकिन इसे समयबद्ध तरीके से हरेक पंचायत-तहसील-जिला स्तर पर करना होगा। ग्रामीण स्तर पर सार्वजनिक परिसंपत्ति निर्माण के लिए मनरेगा बजट का बखूबी प्रयोग किया जा सकता है। देश में घरेलू उपयोग के लिए सोलर व बैटरी चालित बिजली का प्रयोग व्यापक स्तर पर किया जा सकता है। शहरी के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करके ही भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बन सकेगा।

जिरहनामा
कनक तिवारी

यह मेरा कार्ड! मेरा ट्रम्प कार्ड!!

कांग्रेस पार्टी सॉफ्ट हिन्दुत्व के हाथों में क्यों है जिसके मसीहा गांधी की देह में लोकसेवा की दधीच धार्मिक हड्डियां थीं? नेहरू के जिस्म और जेहन में संसार की संस्कृति थी। इतिहास को सिलसिलेवार समझाने की जुगत में हरफनमौला कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को मौलाना कहा गया। बाटला हाउस और आजमगढ़ की घटनाओं पर उनकी राय को निजी राय कहने से भी संगठन का नुकसान तो हुआ। 'ओसामा जी' जैसा संबोधन कट्टर हिन्दुओं को चिढ़ाता रहा। अलबत्ता हिन्दू सम्प्रदायवादी भी हथियारों की होड़ में कट्टर अल्पसंख्यकों से पीछे नहीं हैं।

इतिहास का ब्याज भविष्य में मूलधन नहीं बनता। वर्तमान निकम्मा हो तो अतीत में कमाया ब्याज निठल्लेपन और अय्याशी में खर्च होता है। पुरखों की दौलत को समझ के साथ खर्च करने कोशिश नहीं की जाए तो पुराना ब्याज चक्रवृद्धि ब्याज होकर वर्तमान से जुड़कर मिश्रधन बनता है। उसकी शाहखर्ची होने पर गरीबी दूर नहीं होती। अंकगणित का यह पाठ समाज के मैदानी अनुभव की स्लेट से लिखा और मिटाया जाता रहता है। अतीत में मूलधन और ब्याज दोनों की कमी होने से भारतीय जनता पार्टी के पूर्वजों ने सूम के धन जैसी जमा अपनी पूंजी को थाती की तरह छाती से चिपटाए रखा। उसके बरक्स कांग्रेस अपने गौरवपूर्ण इतिहास की जिल्दों पर लगी दीमकों तक को साफ करने का जतन भूलने लगी। लगातार चुनावों में भाजपा का लहराता परचम उसके वंशवृक्ष की पीढ़ियों की जद्दोजहद का पड़ाव भी है। वर्षों तक हारते हारते मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू महासभा ने तय कर लिया था कि राजनीति में हिन्दुत्व का घालमेल करते रहेंगे। उन्हें उम्मीद थी कि हिन्दू धर्म के संकीर्ण जमावड़े की आवाज़ मतदाताओं का बहुमत ज़रूर सुनेगा। संघ परिवार ने चतुराई से धर्म के हिन्दुत्व को मुखर कर संस्कृति का मुलम्मा चढ़ाकर परोसना शुरू किया। हिन्दू महासभा के विनायक दामोदर सावरकर ने ही हिन्दुत्व नामक राजनीतिक शब्द खोजा। संघ परिवार के आनुषंगिक संगठन भारतीय जनसंघ, भारतीय मजदूर संघ, सरस्वती शुशि मंदिर, विद्या भारती, बजरंग दल, स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, विवेकानन्द फाउंडेशन, वनवासी सेवा मण्डल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, श्रीराम सेना आदि बाद में बनते रहे। कम्युनिस्टों की तर्ज पर संघ ने काडर आधारित ढांचे को खड़ा किया। उसके स्वयंसेवकों की पीढ़ियां प्रतिकूल हालातों में भी घर घर दस्तक देती रहीं।

शुरुआत में उन्हें अवांछित बीमा एजेंटों की तरह घरों से उपेक्षित भी किया जाता रहा। गांधी का स्वच्छता मिशन, सरदार पटेल की संसार की सबसे ऊंची मूर्ति, 'मेक इन इंडिया' जैसे पूंजीवादी नारे और 'राम मंदिर', 'समान नागरिक संहित"', 'कश्मीर में 370' वगैरह हिन्दुत्व का एजेन्डा प्रधानमंत्री मोदी चतुराई से निपटाते रहते हैं। आज़ादी के आंदोलन में संघ परिवार की गैरनिर्णायक, अप्रामाणिक और अविश्वसनीय भूमिका का विरोधी प्रचार होता रहा। कांग्रेस आंदोलन लिहाफ बनकर छाया। उसके प्रमुख नेता तिलक, गोखले, विपिनचंद्र पॉल, लाजपत राय, मदनमोहन मालवीय,पुरुषोत्तमदास टंडन, सरदार पटेल और राजगोपालाचारी वगैरह परम्परावादी हिन्दुओं की तरह भी कई बार लगते। कांग्रेस के शीर्ष बौद्धिक नेता, गांधी, नेहरू, मौलाना आज़ाद, सुभाषचंद्र बोस संघ परिवार द्वारा हिन्दुत्व को धर्म की तरह परोसने के उलट हिन्दू धर्म को भारतीय संस्कृति की तरह आधुनिक, विकसित, सर्वदेशीय और जनसुलभ बनाकर समावेशी चरित्र का दिखाते रहे। कांग्रेस के बाहर दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द, रवीन्द्रनाथ टैगोर और महर्षि अरविन्द वगैरह ने यही किया। मोतीलाल और जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्रदेव और डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे कांग्रेसियों में समाजवादी मार्क्सवाद के प्रति झुकाव रहा है। पूर्वजों के पसीने की गंध धीरे धीरे भूलकर कांग्रेस सत्ता की इत्र फुलेल में महकने लगी। उसमें पूर्वज स्याही से लिखी इबारतें पढ़ने की नीयत नहीं बची। आज भाजपा से उसका मुकाबला केवल राजनीतिक नस्ल का नहीं है। संघ परिवार सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध की चुनौती देता रहा है। कांग्रेस के पास भारतीय संस्कृति के विचारों का संग्रहालय, विश्वविद्यालय और पुस्तकालय अभी भी हैं। उन पर लेकिन पार्टी नेतृत्व ने ताले जड़ दिए है और चाबी पता नहीं कहां रख दी है। भाजपा के दोष निकालने, मीडिया को कोसने और मतदाताओं से लगातार बेरुख होते रहने के भी कारण इतिहास पराजय के 'तथास्तु' का आशीर्वाद देने लगा। कांग्रेसी धर्मनिरपेक्षता के तेवर धीरे धीरे हिन्दू विरोधी प्रचारित किए जाते रहे। मसीहा गांधी से ज़्यादा हिन्दूवादी तो हिन्दू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी कोई नहीं था। फिर भी गांधी की हत्या कट्टर हिन्दुत्व के नुमाइन्दे ने मुस्लिम पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपयों की मदद गैरजरूरी कहते की।

कांग्रेसियों के खिलाफ हिंदू देवी देवताओं से उदासीनता संघ परिवार द्वारा प्रचारित की जाती रही। कांग्रेस को मुस्लिमपरस्त कह। धर्मनिरपेक्षता को नकली धर्मनिरपेक्षता कहा जाने लगा। हिंदुत्व के समानान्तर चलने का झंडा उठाकर हालिया नया कांग्रेसी खेल षुरू है। राम वन गमन योजना, हनुमान मंदिर बनाकर राहुल गांधी को जनेऊ पहने फोटो दिखाकर, बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र ब्रह्मचारी का प्रवचन कराकर किसको मजबूती दी जा रही है? इन ठनगनों के बीच कांग्रेस की आत्मा और महात्मा गांधी गुम हो रहे हैं। गांधी का 150 वां जन्मवर्ष यूं ही चला गया। कई कांग्रेस विधायक और मंत्री कैमरे पर गांधी की पुण्यतिथि और जन्म तिथि तक नहीं बता पाए।

कांग्रेस पार्टी सॉफ्ट हिन्दुत्व के हाथों में क्यों है जिसके मसीहा गांधी की देह में लोकसेवा की दधीच धार्मिक हड्डियां थीं? नेहरू के जिस्म और जेहन में संसार की संस्कृति थी। इतिहास को सिलसिलेवार समझाने की जुगत में हरफनमौला कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को मौलाना कहा गया। बाटला हाउस और आजमगढ़ की घटनाओं पर उनकी राय को निजी राय कहने से भी संगठन का नुकसान तो हुआ। 'ओसामा जी' जैसा संबोधन कट्टर हिन्दुओं को चिढ़ाता रहा। अलबत्ता हिन्दू सम्प्रदायवादी भी हथियारों की होड़ में कट्टर अल्पसंख्यकों से पीछे नहीं हैं।

विवेकानन्द और गांधी ने मुस्लिमों और ईसाइयों को अपना आत्मीय कहा था। इसके बावजूद धर्म परिवर्तन करने की उनकी कोशिशों को प्रखरता के साथ खारिज किया। उदार हिन्दू मतदाता कांग्रेस का आधार रहे हैं। यह क्यों हुआ कि कांग्रेस को मजहबी आधार पर हिन्दू बहुल देश में हाशिये पर लाए जाने की जुगत बिठाई जा रही है। कांग्रेस दफ्तरों में भगवा रंग की पोषाकें क्यों पहनी जा रही हैं!! भाजपा कहती है यह है हमारा हिन्दू कार्ड। कांग्रेस जवाब दे रही यह है हमारा सॉफ्ट हिन्दुत्व का ट्रम्प कार्ड! कांग्रेस ने मनरेगा कार्ड दिया तो भाजपा जयश्रीराम कहते उसका नकदीकरण कराने लगी। पंथनिरपेक्षता कांग्रेस का क्रेडिट कार्ड रहा है। अब उसे भाजपा के पक्ष में डेबिट कार्ड में तब्दील क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय राशनकार्ड को हथियाकर भाजपा ने अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो मासिक अनाज देकर मैदान जीतने की तैयारी कर ली थी। अम्पायर नाम की जनता से कांग्रेस कह रही है कि फाउल खेलने के कारण सियासी फुटबॉल में भाजपा को रेड कार्ड दिखाया जाए। कुछ कॉरपोरेटियों के कारण दोनों दलों की सिर फुटौव्वल से बरबाद हो रही आर्थिक नीतियों के नतीजतन लाखों अमीर यूरो अमेरिकी मुल्कों में पलायन कर वहां रहने बेगैरत होकर भी ग्रीन कार्ड पाने तड़प रहे हैं। जिनके पास पैन कार्ड तक नहीं है। ऐसे करोड़ों मुफलिस राशन कार्ड पाने इतिहास की प्रतीक्षा सूची में खड़े हैं। फिर भी उन भूखों के वोटर आई डी कार्ड देखकर राजनीतिक दलों की अजीर्ण सहित लार टपक रही है। संविधान ही तो हर भारतीय का आधार कार्ड है। उसे भी कई नक्काल एक ही नागरिक के लिए कई बार बना रहे हैं क्योंकि किसी को भी भारतीय कहने का प्रमाण पत्र देने का जिम्मा सॉफ्ट और हार्ड हिन्दुत्व के ठेकेदारों को दे दिया गया है।

स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वामी चिदानन्द सरस्वती। स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है।

तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करे। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

सारा संसार

कांची कैलाशनाथ मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है जो वेदवती नदी के तट पर, पश्चिमी सीमा पर, तमिलनाडु के कांचीपुरम शहर में पूर्व की ओर स्थित है। मंदिर हिंदू भक्तों के लिए बहुत महत्व रखता है और पूरे वर्ष विशेष रूप से महाशिवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों को देख सकते हैं। कांची कैलाशनाथ मंदिर सुंदर चित्रों और शानदार मूर्तियों से अलंकृत है।

मानवतावादी दिवस

अखिलेश आर्येन्दु

बेहतर समाज का निर्माण हो

मानवीय उद्देश्यों के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर जान गंवाना मामूली बात नहीं है। इराक में बगदाद के होटल कैनाल में जिन लोगों ने इंसानियत की हिफाजत के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए 19 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर दुनियाभर में मानवतावदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस याद दिलाता है कि इंसानियत की हिफाजत करने वाले हमारे मानव समाज के सबसे जिम्मेदार, मूल्यवान, करुणा व दया से भरे हुए और एक बेहतर समाज निर्माण करने वाले होते हैं। उनका मकसद कोई निजी स्वार्थ से प्रेरित नहीं बल्कि इंसानियत की हिफाजत के लिए वे अपना हर कदम आगे बढ़ाते हैं ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके और इंसानियत का कारवां लगातार आगे बढ़ता रहे। कभी-कभी दुनिया में कुछ ऐसी घटनाएं घट जाती हैं जो एक नजीर बन जाती हैं। यदि उस घटना में कोई इतिहास बनाने वाले की मौत हो जाए तो वह दुनिया के लिए प्रेरणा का कार्य करती हैं। मानवतावादी सर्जियों विएरा डी मेलो सहित बाईस उनके साथियों की मौत भी दुनिया के लिए प्रेरणा बन कर आई और आज भी हम उन्हें बहुत आदर के साथ याद करते हैं। स्वार्थ से ऊपर उठकर काम करना और उसके बदले में कोई चाहत न रखना बहुत बड़ी बात है। गीता में इसे निष्काम कर्म कहा गया है। जिन मानवीय मूल्यों की हिफाजत के लिए दुनिया के सबसे बेहतर इंसानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया वे सारी मानतवा के आदर्श रहे हैं और आज भी हैं। मानवतावादी दिवस यह याद दिलाता है कि हम सभी में वह शक्ति, भावना और सोच है जो इंसानियत के लिए रोजाना एक बेहतर कार्य कर सकते हैं का आधार बिंदु भी है और दूसरों को भी बेहतर समाज निर्माण के लिए प्रेरित करने का कार्य करती है। इससे जहां समाज से गैर इंसानी कवायदों को रोकने में कामयाबी मिलेगी वहीं पर समाज में मानवीय मूल्यों के बिखराव को भी रोका जा सकता है। यह दिवस शपथ लेने का भी है कि इंसानियत के दुश्मनों के इरादों को वे जहां हैं वहां कामयाब नहीं होने देंगे। जो अपने स्वार्थ में या मनोरंजन के लिए मानवता का नुकसान करते हैं, ऐसे लोगों को समझाना-बुझाना, उन्हें विध्वंस की जगह मिर्नाण के लिए प्रोत्साहित करना और बेहतर दुनिया मानवतावादियों के कार्यों से ही सुरक्षित है। दुनिया में आए दिन कुदरत के कहर से लाखों लोग अपंग या मौत के शिकार हो जाते हैं, ऐसे लोगों को मानवीय मदद की दरकार होती है। इसी तरह लिंग आधारित हिंसा, साम्प्रदायिकता, महजबी जुनून, जाति-भेद के चलते हिंसा और क्रूरता, अपनी बात थोपने के कारण हुई हिंसा से त्रस्त हजारों लोग पलायन के लिए मजबूर होते हैं। इनकी मदद हर तरह से करने की जरूरत होती है। यह दिवस याद दिलाता है कि इंसान के रूप में जो इस धरती पर पैदा हुआ है, यदि वह किसी वजह से हिंसा, अन्याय, शोषण या क्रूरता का शिकार हुआ है तो उसकी मदद बगैर किसी भेदभाव के करनी ही चाहिए, जिससे इंसानियत जिंदा रहे और दुनिया बेहतर कल की आशा में आगे बढ़ती रहे।

अंतर्मन

आज की पाती

अटल जी को नमन

16 अगस्त को अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि आये हो निभाने को जब किरदार जमीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि जमाना मिसाल दे। अटल जी एक अच्छे राजनेता ही नहीं, बल्कि एक अच्छे कवि भी थे। इनकी कविताओं ने हर किसी के अंदर जोश और जज्बा भरा है। दुनिया में विरले लोग ऐसे होते हैं जिनकी अच्छाइयों का जिक्र करने के लिए शब्द ही कम पड़ जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी भी उनमें से एक हैं। वह अपने खराब स्वास्थ्य के कारण राजनीति में उतने सक्रिय बेशक नहीं रह सके, लेकिन फिर भी भारत के उन चुनिंदा नेताओं में से एक थे जिनका विपक्ष भी आदर करता है।

- महेश कटियार, दुर्ग

ट्रेंड

नशा करने वालों से अनुरोध

जो लोग नशे का सेवन करते हैं उनसे मेरा अनुरोध है कि नशे में अपना जीवन बर्बाद करने मत दीजिए। अगर आप किसी तरह के तनाव में हैं तो अपने दोस्तों, परिवार या किसी संस्था से बात करें। कोई समस्या ऐसी नहीं होती है जिसका आप इच्छाशक्ति से सामना नहीं कर सकते।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

केंद्र संज्ञान ले

बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है जिसका केंद्र सरकार को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके।

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

ऐसी टिप्पणी निंदनीय

सबके सुख-दुख में काम आने वाले जिस शांतिप्रिय समाज ने भगत सैन जैसे महान संत भक्ति कवि, सच्चे पादशाह गुरु गोविंद सिंह के पंज प्यारे साहिब सिंह जी, रससिद्ध कवि भिखारी ठाकुर जैसे असंख्य महान बेटे-बेटियों को जन्म दिया हो, उसके विषय में ऐसी टिप्पणी निंदनीय व दुखद है।

-कुमार विश्वास, कवि

ग्राहकों को परवाह नहीं

मासेराती इंडिया ने एक ग्राहक की इस बात को मानने से इनकार कर दिया कि उनकी कार में कोई समस्या है। क्या मुख्यालय ग्राहकों की शिकायतें भी सुन रहा है? जाहिर है, उन्हें कोई परवाह नहीं है।

-गौतम सिंघानिया, उद्योगपति

करंट अफेयर

चीन विवादित द. सागर द्वीप पर हवाई पट्टी बना रहा

चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के उस द्वीप पर एक हवाई पट्टी का संभवतः निर्माण कर रहा है, जिस पर वियतनाम और ताइवान भी दावा करते हैं। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से यह जानकारी सामने आई है। पारासेल द्वीप समूह के ट्राइटन द्वीप पर जारी कार्य स्प्रैटली द्वीप समूह पर सात मानवनिर्मित द्वीपों के निर्माण की तरह ही प्रतीत होता है। ये मानव निर्मित द्वीप हवाईपट्टियों, गोदी और सैन्य प्रणालियों से युक्त हैं। ट्राइटन द्वीप पर निर्माण कार्य का पैमाना अभी उतना व्यापक प्रतीत नहीं होगा। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, वह इस पर अन्य देशों के दावों को खारिज करता है और उसके दावे को अमान्य करार देने वाले अंततराष्ट्रीय फैसले की अवहेलता करता है। 'प्लैनेट लैब्स पीबीसी' से मिली उपग्रह तस्वीरों का 'द एसोसिएटेड प्रेस' ने विश्लेषण किया। इन तस्वीरों में हवाई पट्टी का निर्माण कार्य अगस्त की शुरुआत में होता दिख रहा है। समाचार वेबसाइट 'द ड्राइव' ने मंगलवार को उपग्रह तस्वीरों को लेकर सबसे पहले जानकारी दी। प्रतीत होता है कि रनवे 600 मीटर (2,000 फीट) से अधिक लंबा है, जो 'टर्बोप्रॉप' विमान और ड्रोन के लिए काफी होगा।

ऑफ बीट

मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी

गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। गर्मी चुपचाप लोगों की जान ले रही है और यह अन्य किसी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले अधिक संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दशकों में यूरोप में भीषण गर्मी ने हजारों लोगों की जान ली है। विकासशील देशों में मृतकों की संख्या की उचित तरीके से गिनती नहीं की गयी है और संभवतः मृतकों की संख्या कहीं अधिक है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

21 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे विद्युत कर्मी, जयपुर में डालेंगे महापड़ाव

सितारा न्यूज नेटवर्क

रींगस(अरविन्द कुमार)। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर 21 अगस्त को विद्युत कर्मचारी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुर में महापड़ाव डालेंगे, जिसको लेकर रींगस सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश गोरा को सामूहिक अवकाश की सूचना दी गई। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप सिंह झाला ने बताया कि विद्युत कर्मियों द्वारा संगठन ओपीएस, इंटक डिस्कॉम स्थानांतरण, आरजीएचएस सुविधा को सुगम बनाने, अनुकंपा पर नियुक्त कर्मचारियों की ग्रेड पे बढ़ाने, तकनीकी कर्मचारियों को नियुक्त तिथि से पदोन्नत करने सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुर के जगतपुरा में महापड़ाव डालेंगे। जिसमें विद्युत सप्लाई की पांचो कंपनियों से 30 से 35 हजार कर्मचारी जुटने की संभावना है। आरवीटीकेए के प्रदेश उपाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 अगस्त को विद्युत से जुड़े कार्य प्रभावित होते हैं तो इसके लिए विद्युत निगम व राज्य सरकार जिम्मेदार होगी। इस दौरान गोकलेंद्र कुमावत, करण सिंह, विक्रम कुमावत, गिरधारी बधाला, राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

वसुधा शिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित हुआ समारोह

'वोट ताल ठोक के' कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर्स ने ली मतदान की शपथ

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ट्रांसजेंडर्स को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए वोट ताल ठोक के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वसुधा शिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित इस खास कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद डॉ. शिल्पा सिंह ने शिरकत की। वहीं, स्टेट ऑइकन ट्रांसजेंडर नूर शेखावत कार्यक्रम में आकर्षण का केन्द्र रहीं। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ स्निग्धा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने ना केवल ट्रांसजेंडर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया बल्कि उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई। इस दौरान ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने मॉक पोलिंग के जरिये ईवीएम वीवीपैट की कार्य प्रणाली को भी करीब से जाना। इतना ही नहीं कार्यक्रम में मौके पर ही कई ट्रांसजेंडर मतदाताओं का मतदाता सूची में पंजीयन भी किया गया।

नगर निगम ने एक बार फिर सीज की कार्रवाई की

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। नगर निगम ने एक बार फिर सीज की कार्रवाई करते हुए आज कई कॉम्पलेक्स और नियमानुसार निर्माण कार्य नहीं होने वाले बिल्डिंग, मकान निर्माण को सीज किया है। आयुक्त केसर मीणा के निर्देश पर सचिव हंसा मीणा की अगुवाई में की गई इस कार्रवाई में तीन कॉम्पलेक्स के यूडी टैक्स बकाया होने तथा चार बिल्डिंग को नियमानुसार निर्माण नहीं होने पर सीज किया गया।इस दौरान होमगार्ड इंचार्ज ऋषिराज आचार्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में होमगार्ड के महिला व पुरुष जवान मौजूद रहे। सचिव हंसा मीणा के अनुसार बिन्नाणी बिल्डिंग स्थित सागर प्लाजा शॉपिंग सेन्टर प्रा लि के तेईस लाख छः हजार इक्यानवे रुपये बकाया होने, केईएम रोड स्थित सरावगी मेंशन के सात लाख इकहतर हजार एक सौ ग्यारह रुपये बकाया होने तथा स्टेशन रोड स्थित पार्वती कॉम्पलेक्स के सात लाख तिरेपन हजार आठ सौ चौरासी रुपये का यूडी टैक्स बकाया होने पर सीज किया गया है। वहीं अचणाबाई के पास स्वामी विशोकानंद जी भारती, आर्य समाज टस्ट, करनाणी मोहल्ला स्थित पवन कुमार के भवन, गंगाशहर स्थित बाबा रामदेव मंदिर के पास फतेह भवन निर्माण को सीज किया गया है।

कंचनपुर पुलिस की कार्रवाई, अवैध देशी शराब के 60 पव्वो सहित व्यक्ति गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क

बाडी/अंकित गोयल । पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर एवं पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस द्वारा वांछित अपराधीओं एवं असामाजिक तत्वों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान बाबूलाल मीना आरपीएस वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सैंपऊ के निकटतम सुपरविजन में योगेन्द्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना कंचनपुर द्वारा दिनांक 17.08.2023 को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुये अभियुक्त रामविलास पुत्र रामसिहं उम्र 60 साल जाति गुर्जर निवासी बददू का पुरा थाना बाडी सदर जिला धौलपुर को सूरौठी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है उक्त मुलजिम के कब्जे से अवैध देशी शराब घुंघट के 60 पव्वे बरामद कर कार्यवाही की गई एवं थाना क्षेत्र में अवैध क्रियाकलाप जुआ सट्टा शराब व हथियारों के विरूद्ध धरपकड अभियान जारी है। कार्रवाई करते हुए गठित टीम का विवरण योगेन्द्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक, रामनिवास, विश्वेन्द्र, संजय कुमार पुलिस थाना कंचनपुर मौजूद रहे।

बीसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार की सजगता ने बचाई मरीज की जान

धरती के भगवान डॉक्टर्स की हुई सराहना

सितारा न्यूज नेटवर्क

दांतारामगढ़। कहते हैं कलयुग में डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप हैं। इस कथन को चरितार्थ करके दिखाया सीकर के दांता ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार और उसकी टीम ने। इनके लिए चाहे कोई परिस्थिति हो लेकिन मरीज की सेवा सबसे पहले होती है। इसका ताजा मामला पचार गांव में देखने को मिला। जहां पचार- खाचरियावास रोड पर एक एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बीसीएमओ डॉक्टर अश्विनी कुमार को दी। बीसीएमओ ने बिना समय गवाएं मामले को संज्ञान में लेते हुए अपनी टीम के साथ पचार गांव के लिए रवाना हुए। इससे पहले अश्विनी कुमार ने एंबुलेंस को फोन कर मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। ताकि मरीज को समय पर इलाज उपलब्ध हो सके। पचार पीएचसी में डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण से एंबुलेंस मरीज को लेकर बाय सीएचसी के लिए रवाना हुई। बीच रास्ते में बीसीएमओ और उनकी टीम एंबुलेंस में सवार होकर मरीज का इलाज शुरू किया और मरीज को बाय सीएचसी लेकर पहुंचे। लेकिन बाय सीएचसी में कोई भी स्टाफ नहीं मिला और तो और अस्पताल भवन के ताला भी लगा हुआ था। बीसीएमओ डॉक्टर अश्विनी कुमार ने आनन-फानन में अस्पताल का ताला तोड़कर की कोशिश भी की लेकिन ताला नहीं टूटा। इसके बाद इसके बाद मरीज को उप जिला चिकित्सालय खाटूश्यामजी में भिजवाकर उपचार करवाया। बीसीएमओ डॉक्टर अश्विनी कुमार स्वामी का कहना है कि वर्तमान में डॉक्टरी ही एक ऐसा पेशा है, जिस पर लोग सबसे ज्यादा विश्वास करते हैं। इसे बनाए रखने के लिए सभी डॉक्टरों की जिम्मेदारी होती है। मेरा मकसद है कि मेरे ब्लॉक में कोई भी मरीज परेशान ना हो। इसको लेकर मैं हर समय सजग रहता हूं। पचार पीएचसी और बाय सीएचसी में स्टाफ नहीं मिलने के सवाल पर बीसीएमओ ने कहा की जांच के बाद सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

नूंह नलहड़ मंदिर की अधूरी रही जलाभिषेक यात्रा को ब्रजभूमि कल्याण परिषद करेगी पूरा

सितारा न्यूज नेटवर्क

युवराज शर्मा/अलवर। ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में 28 अगस्त 2023 को दल बल के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और सनातन धर्म प्रेमी प्रातः 7:00 बजे जेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर से नूह स्थित नलहड शिव मंदिर को प्रस्थान करेंगे। इस क्रम में शुक्रवार को परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ भक्तों की सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, राजस्थान के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री एवं पुलिस प्रशासन को भक्तों एवं यात्रा की सुरक्षा हेतु जिला कलेक्टर अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस मौके पर बोलते हुए डॉक्टर पंकज गुप्ता ने बताया कि ज्ञात रहे श्रावण मास में कि सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा 31 जुलाई 2023 को हरियाणा के नूंह में स्थित नल्लड़ मंदिर में भोले की जलाभिषेक यात्रा मैं आतंकवादियों के द्वारा जानलेवा हमला और पत्थरबाजी की गई थी, हमारे धर्म के भोले भाले सनातन धर्म प्रेमी भक्तों के ऊपर जानलेवा हमला किया गया था, पुलिस वालों को भी हमला कर मार दिया गया था और पुलिस और प्रशासन को वहां पर कड़े कदम उठाने पड़े थे और , सनातन धर्म प्रेमियों की वह जलाभिषेक यात्रा अपूर्ण रह गई थी। अभी हाल ही में पलवल हरियाणा में समाज की बैठक में उस अधूरी अपूर्ण रही जलाभिषेक यात्रा को 28 अगस्त 2023 को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न हिंदू संगठन और हिंदू समाज इस यात्रा में भागीदारी कर रहा है। अलवर में ब्रजभूमि कल्याण परिषद इस यात्रा को अलवर से लेकर के जाएगी और जलाभिषेक यात्रा में शामिल होगी, और उसकी पूर्ण आहुति दी जाएगी। इससे पूर्व हमारे कार्यकर्ता अलवर के भरतरी धाम स्थित गोमुख से पवित्र जल लेकर आएंगे और उस जल का से नल्लड़ शिव मंदिर में बाबा भोले का जलाभिषेक करेंगे।

यह पत्र पुलिस और प्रशासन को सूचनार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है कि वह भक्तों का सहयोग करने के लिए और हमें पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। आपसे करबद्ध निवेदन, आग्रह और अपील है कि हमारी शांतिप्रिय यात्रा में आप सहयोग करें और हमें पूर्ण सुरक्षा प्रदान करें। आज इस मौके पर गीता परिवार के अश्वनी जावली, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह राठौड़, नंदू बना, कमल, पवन, पुरुषोत्तम, अनिल कुमार गुप्ता, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, प्रदेश मंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा, संरक्षक हरिराम शर्मा, हरि सिंह चौधरी, खुशीराम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाइक फिसलने से 2 मासूम सहित 3 घायल

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर। सदर थाना क्षेत्र के बरेह मोरी गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक के फिसलने से उस पर बैठे बाइक सवार एक युवक और दो मासूम सड़क किनारे लगे कंटीले तारों पर गिर गए। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।बाइक सवार घायल युवक मंगल सिंह (32) पुत्र मोजीराम निवासी खेरली ने बताया कि वह धौलपुर में चाट पकौड़ी की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का गुजारा करता है। परिवार के धौलपुर में ही रहने के चलते शुक्रवार को वह राशन लेने के लिए बाइक से गांव गया था, जहां बाइक पर उसके साथ पुत्र शिब्बू (7) और पुत्री परी (4) मौजूद थे। घायल युवक ने बताया कि गांव से राशन के गेहूं लाने के बाद वह वापस बच्चों के साथ धौलपुर लौट रहा था। वापस लौटते समय बरेह मोरी गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक के फिसलने से युवक और उसके दोनों बच्चे सड़क किनारे खेतों में लगे कंटीले तारों पर जा गिरे।

विद्यासागर पीजी महिला महाविद्यालय बस्सी में लहरिया महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

बस्सी (रामफूल मीणा)। बस्सी नगरपालिका क्षेत्र के विधासागर पीजी महिला महाविद्यालय बस्सी में लहरिया महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ प्राचार्य डॉ गिरवर सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्सी तहसीलदार अशोक सिंह मीणा का महाविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर शिव कुमार पंचोली के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस दौरान छात्राओं के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया और मां सरस्वती के समक्ष दिप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की इस दौरान मंच संचालन गोविन्द नारायण बिलोनिया सहायक आचार्य हिन्दी के द्वारा किया गया और कार्यक्रम संयोजिका नीलम शर्मा रही और इस दौरान जजेज रही बबली शर्मा, आरती शर्मा जिसमें लहरिया क्वीन्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तन्नू शर्मा और द्वितीय स्थान नीलम मीणा और तृतीय स्थान पर किरण प्रजापत रही और मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राखी दास और द्वितीय स्थान पर सोनू मीणा और तृतीय स्थान पर आरती शर्मा रही और इस दौरान पर्ल सेंट्रल अकेडमी बस्सी के डायरेक्टर अखिल पंचोली और संस्था कोर्डिनेटर कपिल पंचोली और महाविद्यालय स्टाफ में सुशील शर्मा, विश्राम सैनी, रविन्द्र मीणा, आशुतोष दुबे, अभय गोयल, आशीष कुमार मीणा उपस्थित रहे ।

महाविद्यालय में विज्ञान संकाय खुलवाने पर...

युवा नेता सोनू बाँकुरे के नेतृत्व में विधायक बोहरा का हुआ स्वागत, जताया आभार

सितारा न्यूज नेटवर्क

राजाखेड़ा/अंकित गोयल । राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाखेडा में विज्ञान संकाय शुरू करवाने पर राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा का युवा नेता सोनू बाँकुरे के नेतृत्व में साफा व माला पहनाकर मिठाई बांटकर धन्यवाद एवं स्वागत किया गया। सोनू बाँकुरे ने बताया कि महाविद्यालय में कई वर्षों से छात्रों की विज्ञान संकाय शुरू करवाने की मांग को विधायक बोहरा जी के प्रयासों से पूरा किया गया है। जिससे अब विज्ञान संकाय में रुचि रखने वाले छात्र छात्राओं को मजबूरन बाहर जाकर पढाई करने की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। अब छात्रों को राजाखेड़ा महाविद्यालय में ही विज्ञान संकाय में प्रवेश लेकर पढ़ाई कर सकेंगे और छात्र छात्राओं में बहुत ही खुशी का मबल है। एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र जादौन ने बताया कि अधिकांश विधार्थियो के ग्रामीण परिवेश से होने के कारण उनको अन्य जगहों पर पढाई करने पर उसका वहन करना बहुत ही कठिनाई का कार्य था इस समस्या के लिए छात्रों ने विधायक रोहित बोहरा को अवगत कराया था जिसे अब पूरा कर दिया गया है। इस मौके पर एनएसयूआई ब्लॉक प्रभारी सागर दीक्षित, राघवेंद्र तोमर, अजीत शर्मा, पुष्पेंद्र तोमर, सतेंद्र वर्मा, लोकेंद्र बाँकुरे, शुभम सविता, सचिन लोहिया, सूरज बाँकुरे, छत्रपाल सिंह, भीमा ठाकुर, जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।

उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए धायल उपखंड स्तर पर हुए सम्मानित

सितारा न्यूज नेटवर्क

दांतारामगढ़। कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार संवाददाता विनोद धायल को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया गया है। दांतारामगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित उपखंड स्तरीय समारोह में दांतारामगढ़ उपखंड अधिकारी अनिल कुमार गढ़वाल, तहसीलदार अमीलाल, विकास अधिकारी रामनिवास झाझरिया, दांतारामगढ़ प्रधान गेंद कंवर, सरपंच प्रभाती देवी ने पत्रकार धायल को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उपखंड मुख्यालय पर सम्मान किया।

जलदाय कर्मियों की मांगों को लेकर मुख्य अभियंता से हुई वार्ता

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती करने और पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव के नेतृत्व में विभाग के मुख्य अभियंता राकेश लुहाडिया से उनके कक्ष में वार्ता हुई। गौरतलब है कि मांगों को लेकर 19 जुलाई 2023 को सोए हुए अधिकारियों को ढोल नगाड़े बजाकर जगाया गया था। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि जलदाय विभाग मे विभागीय इंजीनियर के तो आनन-फानन में 414 पद स्वीकृत कर दिए जिनकी विभाग को कोई आवश्यकता नहीं है इससे सरकार पर करीब 100 करोड़ का खर्चा आएगा जबकि 1992 के बाद से तकनिकी कर्मचारियो की भर्ती नहीं की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा पेयजल योजनाये काफी स्वीकृत की गई है लेकिन तकनिकी कर्मचारियो की भर्ती 31 वर्ष के बाद भी नहीं की गई है। विभाग में आज 30000 तकनिकी कर्मचारियों की सख्त आवश्यकता है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा में कार्यप्रभारित कर्मचारियो की अन्य कर्मचारियो के समान पदौन्नति की घोषणा के बाद भी अभी तक आदेश जारी नही किये गये है जिससे कर्मचारी जिस पद पर भर्ती हुआ था उसी से सेवानिवृत हो रहे है। विभाग में तकनिकी कर्मचारियो की वर्षो से भर्ती नही हो पाने के कारण लाखो आईटीआई किये हुये बेरोजगार घूम रहे है। ऐसे हमारी मांग है कि जलदाय विभाग में कम से कम 15000 तकनिकी पदो पर तुरन्त भर्ती करवाने व कार्यप्रभारित कर्मचारियो की पदौन्नति आदेश जारी करवाने का श्रम करावें और तकनिकी कर्मचारियो की नई भर्ती में तकनिकी कर्मचारियो के परिजनो को प्राथमिकता दिलवाई जावे सहित अन्य मांगों को लेकर वार्ता हुई वार्ता के दौरान यादव ने यह भी चेतावनी दी कि अगर मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा इस पर मुख्य अभियंता प्रशासन ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए मांग पत्र को हमने राज्य सरकार के पास भिजवा दिया है जिसका निर्णय शीघ्र ही कर्मचारी हित में आने वाला है इस मौके पर प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत, जयपुर शहर अध्यक्ष सहीदउद्दीन, विजय पारीक, अजीत सिंह शेखावत, बनवारी लाल सैनी, हरिनारायण मीणा प्रशासनिक अधिकारी, सुरेश गुजर, संतोष गुजर सहित कई नेता उपस्थित रहे। मीडिया को संपूर्ण जानकारी प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने दी।

कार्यालय उप वन संरक्षक धौलपुर

ई-मेल : dcf.dhol.forest@rajasthan.gov.in Phone No. : 05642-220769

क्रमांक : उ. व. स. धौ./लेखा/निविदा /2023-24/4964 दिनांक : 18/08/2023

खुली बोली आमंत्रण सूचना 02/2022-23

इस वन मंडल में विभिन्न योजनाओं में पौध तैयारी के लिए प्लास्टिक थैली क्रय करने हेतु सक्षम फर्मों से प्लास्टिक बैग (12.5CMX30CM and 10CMX15CM) क्रय करने हेतु खुली बोली आमंत्रित की जाती है। सामग्री की अनुमानित लागत रुपए 6.00 लाख है। निविदाऐं दिनाँक 01.09.2023 को 2पीएम बजे तक जमा की जाकर उसी दिन 4पीएम सांयकल पर खोली जावेंगी। अन्य विवरण www.spp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

UBN:- FOR2324GSOB00524

किशोर गुप्ता
उप वन संरक्षक
धौलपुर

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

पैनासोनिक लिमिटेड कम्पनी का भूषण आई टी आई में केम्पस प्लेसमेन्ट

सितारा न्यूज नेटवर्क

सिंवार मोड़। भारत की प्रतिष्ठित कम्पनी पैनासोनिक लिमिटेड, झज्जर, हरियाणा ने सिरसी मोड़ जयपुर संस्थान भूषण प्राईवेट आई.टी.आई. में प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु 18 अगस्त, 2023 को केम्पस प्लेसमेन्ट कार्यक्रम आयोजित किया।

पैनासोनिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा इस प्लेसमेंट कार्यक्रम में फिटर, मैकेनिक आर.एण्ड ए.सी. व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया तथा साक्षात्कार के बाद कुल 24 प्रशिक्षणार्थियों का अन्तिम चयन किया गया। कम्पनी के एच.आर. मैनेजर चन्द्रशेखर ने संस्थान के इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुशासन, प्रशिक्षण पद्धति एवं रोजगार प्रकोष्ठ के प्लेसमेंट स्टाफ के द्वारा प्रबंधन में सहयोग हेतु सरहाना की।

भूषण प्राईवेट आई.टी.आई. संस्थान के प्राचार्य एन. के. सोनी ने बताया कि संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट हेतु संस्थान के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा 100 प्रतिशत रोजगार सहयोग किया जाता है तथा अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियाँ यथा मारूति सुजुकी, बॉश, होण्डा कार इण्डिया लिमिटेड, हीरो मोटर कॉर्प, सुजुकी मोटर साईकिल, अशोक लीलेण्ड, जेसीबी इण्डिया लिमिटेड, पी एण्ड जी, एल एण्ड टी, जॉनसन लिफ्ट, रिलाईस, अडानी, एम.आर.एफ. सहित लगभग 40 कम्पनियाँ प्रति वर्ष केम्पस प्लेसमेंट हेतु आती है। सत्र 2022-23 में प्लेसमेंट विभाग द्वारा संस्थान के 600 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का निजी क्षेत्र में अन्तिम चयन हुआ।

प्लेसमेंट कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य एन. के. सोनी ने यह भी बताया कि युवा तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में आगे आये क्योंकि इसमें रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाऐं है। विभिन्न व्यवसायों यथा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, रेफ्रिजिरेशन एण्ड एयर कण्डीशनिंग, मैकेनिक डीजल एवं टूव्हीलर टैक्निशियन व्यवसायों से सम्बन्धित विभिन्न तकनीकी कार्यो जैसे मशीन ऑपरेशन, यांत्रिक तथा वैद्युतिक रख रखाव, मशीन टूल, गुणवत्ता-परीक्षण, मशीन स्थापना तथा उपकरण परीक्षण, शक्ति जनित्र आदि में उपरोक्त टेक्निशियन आवष्यक प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। सोनी ने यह बताया कि गत 19 सालों में संस्थान के रिकॉर्ड 30 प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न व्यवसायों में राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान द्वारा गत तीन वर्षों से लगातार चारों व्यवसायों में राजस्थान में प्रथम मेरिट प्राप्त करने वाला एकमात्र संस्थान है।

राष्ट्रीय कुम्हार महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज, भामाशाह सम्मान समारोह कल

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल) । प्रदेश सचिव व संयोजक राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि राष्ट्रीय कुम्हार महासभा नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज शनिवार को सत्यम एकेडमी गणेशपुरा रोड ब्यावर में होगी व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 20 अगस्त को प्रातः 9बजे आदर्श विद्या मंदिर उदयपुर रोड ब्यावर में होगी इसी के साथ दोपहर में प्रजापति समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा । सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि चंपालाल प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा , अध्यक्षता वीरचंद भाई एस प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यवक्ता लक्ष्मी चंद प्रजापति राष्ट्रीय संरक्षक विशिष्ट अतिथि पवन कुमार प्रजापति आई ए एस उपखंड अधिकारी दरियागंज सेंट्रल नई दिल्ली विकास कुमार प्रजापति आर ए एस उपखंड अधिकारी रामगढ़ शेखावाटी सीकर मोडी लाल सेम्बरा प्रदेश अध्यक्ष सुग्रीव पंडित राष्ट्रीय मुख्य महासचिव डूंगर लाल प्रजापति प्रदेश मुख्य महासचिव होंगे समारोह की तैयारियां के लिए नौरत मल प्रजापति मुकेश प्रजापति सुरेश प्रजापति परमेश्वर प्रजापति की समिति का गठन कर दिया गया ,तैयारियां जारी है। सम्मान समारोह में जवाजा, भीम, रायपुर, जैतारण, मसूदा, बदनोर सहित ब्यावर जिले की समस्त प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा जिनके कक्षा 10 में 85% व कक्षा 12 में 80% अंक प्राप्त करने वाले एवं सत्र 22-23 में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर राजकीय सेवा में नियुक्ति हुई हो उनका भी सम्मान किया जाएगा।

वैल्थ के लिए वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल) । वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवम नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में विद्यार्थियों तथा अध्यापक, अध्यापिकाओं के लिए सम्पूर्ण भारतीय प्रतिभूति एवं निगमन बोर्ड(सेबी), नियामक बोर्ड एवं बी एस इ निवेशक जागरूकता निधि के साथ ग्लोबल मनी वीक, 2023 का शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मुकेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष , भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान ने कहा ह्लसमझदार निवेशक पूरी जाँच परख करने ही निवेश करे और अपनी सारी पूंजी एक ही जगह नहीं लगावे- की धारणा के साथ सभी को सन्देश दिया गया कि निवेश करना, वो भी पूरी सावधानी के साथ.ह्व श्री बंसल ने सभी को पोंजी स्कीम में, लाटरी या बीसी आदि जगहों पर निवेश से नहीं करने की लिए आगाह किया इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, गोठी स्कूल के नियंत्रक ललित कुमार लोढ़ा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्राचार्या सुनीता चौधरी,नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा, प्रभारी ज्योति माहेश्वरी ने प्रशिक्षण लेने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

नींव इंटरनेशनल स्कूल में मनाया लहरिया महोत्सव

छात्राओं और अभिभावकों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

सितारा न्यूज नेटवर्क

गोविंदपुरा। भारतीय संस्कृति और परंपरा को जीवित रखते हुए आने वाली युवा पीढ़ी को रूबरू कराने के उद्देश्य से शहर के गोविंदपुरा स्थित नींव इंटरनेशनल स्कूल में महिला अभिभावकों के साथ सावन और लहरिया उत्सव मनाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि महिला अभिभावकों के लिए सावन मिलन और लहरिया उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की माताओं (मम्मियों) ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और इस उत्सव में राखी बनाना, मेहंदी लगाना और श्रेष्ठ लहरिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इस प्रतियोगिता में विजेताओं को स्कूल की ओर से पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम संयोजक नम्रता मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ पिंकी राठौड, ज्योति कंवर, बीना भारद्वाज, आशा चौधरी मंजू देवी, किरण अरोड़ा, कशिश, सुनीता कंवर राजावत, मीनाक्षी कंवर और संगीता शर्मा आदि अध्यापिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रही।

लव-कुश बोर्ड के गठन के बाद अवाना का ऋणी हो गया कुशवाह-शाक्य समाज

हजारों लोगों ने देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना का जोरदार स्वागत कर दिल से आभार जताया

सितारा न्यूज नेटवर्क

नदबई। राजस्थान सरकार द्वारा अभी हाल ही में काछी, कुशवाह, शाक्य समाज के लिए लवकुश बोर्ड का गठन होने पर शुक्रवार को उच्चैन में बड़ी संख्या में कुशवाह समाज द्वारा क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने शिरकत की वही करीब 101 मीटर लंबे साफे सहित हनुमान जी का प्रतिक चिन्ह गदा देकर कुशवाह समाज के लोगों ने विधायक का स्वागत किया और और कुशवाह समाज के कई प्रबुद्ध जनों ने अपने-अपने विचार रख विधायक की अनुशंसा पर बने लव कुश बोर्ड के गठन के लिए विधायक सहित मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया कुशवाह समाज के नेता प्रदेश अध्यक्ष अशोक सेना शैलेंद्र कुशवाहा ने कहा कि राजस्थान में 200 विधायक हैं उनमें से हमारे विधायक महोदय द्वारा बोर्ड के गठन की मांग को पुर जोर तरीके से मुख्यमंत्री महोदय के सामने रखा और मुख्यमंत्री महोदय ने उनकी जायज मांग को गंभीरता से लेते हुए लव कुश बोर्ड का गठन किया इसके लिए प्रदेश का पूरा कुशवाहा समाज विधायक महोदय का जितना आभार प्रकट करे उतना कम और विधायक महोदय शुरू से ही हमारे समाज के हित में रहे है गौरतलब है की विधायक अवाना द्वारा 25 दिसम्बर को उच्चैन में हुई प्रदेश के मुख्यमंत्री की विशाल जनसभा और शिलान्यास समारोह में खुले मंच से कुशवाहा समाज के आरक्षण की मांग उठाई थी ऐसे ही लव कुश बोर्ड के गठन के लिए अभी हाल ही में 17 जुलाई को विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लव कुश बोर्ड के गठन की मांग की थी मुख्यमंत्री ने विधायक की अनुशंसा पर लव-कुश बोर्ड का गठन किया है ।

इसी को लेकर कुशवाह समाज के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए जनसभा का आयोजन किया गया वही विधायक ने जनसभा में मौजूद बड़ी संख्या में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि काफी लंबे समय से कुशवाह समाज के लोगों द्वारा बोर्ड के गठन की मांग चली आ रही थी उन्हीं की इसी मांग को मैंने गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री महोदय को पत्र लिखकर अवगत कराया जिसको मुख्यमंत्री महोदय ने जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लवकुश बोर्ड का गठन किया है वही विधायक ने कहा कि कुशवाह समाज काफी लंबे समय से आरक्षण की मांग के लिए आंदोलन करते हुए आ रहे है मैं हमेशा से ही इस समाज के लिए आरक्षण को लेकर समाज के पक्ष में रहा हूं विधायक ने कहा की मैं कुशवाहा समाज के लिए उनका आरक्षण का हक दिलवा कर रहूंगा विधायक अवाना ने पूर्व में भी कुशवाह समाज के आरक्षण के लिए किये जा रहे आंदोलन में अपना समर्थन दे चुके हैं कुछ दिन पहले आरक्षण के लिए अरौदा पर किये गए सड़क मार्ग को जाम के समय कुशवाह सैनी समाज के लोगो पर प्रशासन और पुलिस द्वारा की गयी अभद्रता की विधायक ने घोर निंदा की थी और घटना स्थल पर पहुँच कर आंदोलन करते समय मृत्यु हुई मोहन सिंह सैनी के लिए शोक संवेदना व्यक्त कर मोहन सिंह सैनी के परिवार के लिए आर्थिक सहायता के रूप में अपनी निजी आय से 2 लाख रुपए की आर्थिक मदद की थी विधायक ने उच्चैन सहित पूरी नदबई विधानसभा के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा की नदबई विधानसभा में उच्चैन का क्षेत्र विकास में पहले बहुत पिछड़ा हुआ था यहाँ पहले जो भी जनप्रतिनिधि रहे थे उन्होंने विकास में उच्चैन के साथ हमेशा भेदभाव किया था पर जब से आपने मुझे विधायक बनाके राजस्थान की विधानसभा में भेजा है तब से लेकर आज तक मैंने बिना किसी भेदभाव के पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दी है उच्चैन सहित पूरे क्षेत्र में काफी विकास हुआ है चाहे वो अभी हाल ही में सैदपुरा को उपतहसील की सौगात मिली हो चाहे चंदानपुरा सीएचसी बनी हो हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है उच्चैन में पिछले 4 साल में 41 सरकारी कार्यालय आए हैं और शिक्षा के क्षेत्र में 6-6 डिग्री कॉलेज उच्चैन को मिले है वही संभाग का पहला संस्कृत महाविद्यालय सैदपुरा में खुला है विधायक ने कहा की विकास के लिए धन की कोई कमी नही आने दी जायेगी इस मौके पर उच्चैन ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाह, नदबई ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, हीरालाल सरपंच, सरपंच शैली कुशवाह, हुकम सिंह कुशवाह, अनूप कुशवाह, राधारमन कुशवाह, भगवान सिंह, बलवीर खरेरा, राजेंद्र पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या कुशवाहा समाज के जनप्रतिनिधि और लोग मौजूद रहे।

शिक्षामंत्री से सकारात्मक वार्ता व आश्वासन के बाद धरना स्थगित

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। राज्य के शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग की संवाद हीनता से उद्वेलित राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के शिक्षक आन्दोलन की राह पर थे। उपशाखा व जिला स्तर पर पदयात्रा एवं संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन के उपरान्त आंदोलन के छठे चरण में संगठन के प्रदेशभर के शिक्षक राजधानी के शहीद स्मारक पर तीन दिवसीय धरने पर बैठकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे थे। धरने के तीसरे दिन राजस्थान सरकार के शिक्षामंत्री के आवास पर घेराव का कार्यक्रम संगठन के द्वारा निर्धारित था। संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा ने बताया कि दूसरे दिन राजस्थान सरकार के शिक्षामंत्री ने संगठन के प्रतिनिधिमंडल को अपने आवास पर वार्ता के लिए बुलाया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेश पुष्करणा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला के निवास पर वार्ता कर शिक्षकों की 11 सूत्री ज्वलंत समस्याओं के समाधान के साथ संगठन के प्रारम्भिक, माध्यमिक तथा संस्कृत शिक्षा विभाग के शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए बिंदुवार वार्ता की गई। संगठन की संघर्ष समिति के संयोजक सम्पतसिंह ने बताया कि वार्ता के दौरान राजस्थान सरकार के शिक्षामंत्री द्वारा शिक्षक समस्याओं के समाधान का विश्वास दिलाने तथा शिक्षा सचिव को संगठन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया तथा धरना समाप्त करने का आग्रह करने पर वार्ता की सकारात्मकता को आधार मानकर संगठन की संघर्ष समिति ने तीसरे दिवस के कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय कर धरना स्थगित करने पर सहमति प्रदान की।

संगठन के अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री रवि आचार्य ने बताया कि संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा शिक्षा सचिव नवीन जैन से तत्काल संपर्क कर संगठन के शिक्षकों की समस्याओं से रूबरू करवाया गया जिस पर शासन सचिव की ओर से 22 अगस्त को संगठन के पदाधिकारियों को बिंदुवार वार्ता के लिए आमंत्रित किया । इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में उमराव लाल वर्मा, रमेश पुष्करणा, महेंद्र कुमार लखारा, सम्पत सिंह, रवि आचार्य, अरुणा शर्मा, अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

थाना क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सीएलजी सदस्यों से एसपी ने की वार्ता

सीकर एसपी परिस देशमुख ने किया दांतारामगढ़ थाने का निरीक्षण

पुलिस थाने में स्टाफ की कमी को लेकर सीएलजी सदस्यों ने पुलिस स्टाफ बढ़ाने की रखी मांग, साइबर ठगी से सावधान रहने की एसपी ने की अपील

डीएसपी जाकिर अख्तर, एसएचओ उमराव सिंह सहित पुलिस थाना स्टाफ रहा मौजूद,

सितारा न्यूज नेटवर्क

दांतारामगढ़ ।(विनोद धायल) सीकर जिले के नए पुलिस अधीक्षक पर परिस देशमुख अनिल ने शुक्रवार को दांतारामगढ़ पुलिस थाने एवं डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। पुलिस थाने के जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया और रामगढ़ सरपंच प्रतिनिधि रतन लाल यादव द्वारा माला व साफा पहनाकर एसपी का स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने डीएसपी जाकिर अख्तर एवं एसएचओ उमराव सिंह सहित पुलिस थाना स्टाफ के साथ क्राइम बैठक ली।एसपी परिस देशमुख ने थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों, शांति समिति के सदस्यों एवं सुरक्षा सखियों के साथ बैठक आयोजित की बैठक के दौरान एसपी ने उपस्थित सदस्यों से दांतारामगढ़ क्षेत्र में समस्याओं को लेकर चर्चा की इस दौरान उपस्थित सीएलजी सदस्यों ने दांतारामगढ़ पुलिस थाने में स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया और पुलिस अधीक्षक से थाने में स्टाफ बढ़ाने की मांग रखी। इस दौरान एसपी ने सभी सदस्यों से साइबर क्राइम से सावधान रहने की अपील की और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही।

एसपी परिस देशमुख ने बताया कि सीकर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद लगातार वे जिले के समस्त थानों का निरीक्षण कर रहे हैं और पुलिस व जनता में विश्वास कायम करने व सरलता से जनता पुलिस का सहयोग कर सके इस सोच के साथ सीएलजी सदस्यों की बैठक ली जा रही है और वहां की भौगोलिक एवं आपराधिक रिकॉर्ड की स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं ताकि स्थिति के मुताबिक पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था एवं अपराध को रोकने में व्यवस्थाएं की जा सके। जिले में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए एसपी देशमुख ने कहा कि पुलिस द्वारा विशेष टीम में गठित की गई है और नशे का कारोबार करने वाले एवं नशा करने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है और जो भी नशे का कारोबार करता हुआ पाया गया उसकी खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी इसके साथ पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। वहीं सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एसपी ने कहा कि लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग की ओर से भी विशेष अभियान चलाए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा इसके साथ ही सड़क नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा और प्रत्येक थाने में इसके लिए विशेष पुलिसकर्मी को जिम्मेदारी भी दी जाएगी। वही निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस थाने के पुलिस कर्मियों के साथ भोजन भी किया।इस दौरान दांतारामगढ़ डीएसपी जाकिर अख्तर, एसएचओ उमराव सिंह सहित सीएलजी सदस्य एवं पुलिस थाना स्टाफ मौजूद रहा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

90 मीटर लक्ष्य, नीरज के पास सारे पदक, बस वर्ल्ड चैंपियन बनना बाकी

90 मीटर दूरी का लक्ष्य लिए भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा की पदकों की अलमारी में सिर्फ विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण की कमी है। अब इस सुपरस्टार खिलाड़ी की निगाहें शनिवार से शुरु होने वाली इस प्रतियोगिता में इसी कमी को पूरा करने पर लगी हैं। चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीता। 2018 में एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद वह पिछले साल डायमंड लीग चैंपियन भी बन गए।

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

नीरज चोपड़ा ने अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और वह इस बार यहां स्वर्ण पदक के दावेदारों में शुमार होंगे क्योंकि किसी भी प्रतिभागी को भी यहां प्रबल दावेदार नहीं कहा जा सकता। अगर चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लेते हैं तो वह निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धा में पीला तमगा जीतने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। बिंद्रा 2008 में व्यक्तिगत स्पर्धा का ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे, उन्होंने 2006 में जगरेब में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया था।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज आज

90 मीटर की दूरी पार करने के करीब

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पिछले कुछ समय से 90 मीटर की दूरी पार करने का प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि वह यह लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं और उन्हें इसके लिए केवल अनुकूल परिस्थितियों की जरूरत है। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले साल 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने के बेहद करीब पहुंच गए थे। तब उन्होंने स्टॉकहोम में डायमंड लीग प्रतियोगिता में 89.94 मीटर भाला फेंका था।

लंबी कूद से पदक की आस

अन्य स्पर्धाओं में पुरुषों की लंबी कूद से पदक की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जिसमें जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) इस सत्र में विश्व सूची की अगुआई कर रहे हैं। एल्ड्रिन ने मार्च के शुरु में बेलारी में शानदार कूद लगाई लेकिन इसके बाद से वह आठ मीटर को छूने में जूझ रहे हैं। उन्होंने स्विट्जरलैंड के बर्न में सिटियस प्रतियोगिता 8.22 मीटर से जीती थी। श्रीशंकर उनकी तुलना में कहीं ज्यादा निरंतर रहे हैं। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में 8.41 मीटर से व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह बैंकॉक एशियाई चैम्पियनशिप में 8.37 मीटर की कूद (रजत पदक) के बाद विश्व चैंपियनशिप में प्रवेश कर रहे हैं।

साबले बेस्ट प्रदर्शन को तैयार

पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अविनाश साबले स्टार सुसज्जित खिलाड़ियों में शीर्ष स्तरीय प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। वह शनिवार को हीट में उतरेंगे। भारत का अभियान पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल से शनिवार को शुरु होगा जिसमें आकाशदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह हिस्सा लेंगे, हालांकि उनसे पदक की आस नहीं है। प्रतियोगिता के पहले दिन शैली सिंह महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में हिस्सा लेंगी जबकि अजय कुमार सरोज पुरुषों की 1500 मीटर हीट में उतरेंगे। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में तीन भारतीय प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबुबाकर और एल्डोस पॉल हिस्सा लेंगे।

जेना को मिला हंगरी का वीजा

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना को 19 से 27 अगस्त तक बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए शुक्रवार को हंगरी की यात्रा के लिए वीजा मिल गया। इस खबर की पुष्टि करते हुए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के एक सूत्र ने कहा कि शुक्रवार सुबह उनके साक्षात्कार के बाद वीजा को मंजूरी दे दी गई है। उन्हें कुछ समय के बाद यात्रा संबंधी दस्तावेज मिल जाएंगे। बुधवार को भारत में हंगरी के दूतावास ने जेना का वीजा आवेदन रद्द कर दिया।

खबर संक्षेप

राहुल ने की बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग

बेंगलुरु। केएल राहुल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में मैच की परिस्थितियों के अनुसार अभ्यास के दौरान काफी देर तक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए अपनी तत्परता दिखाई जो एशिया कप और वनडे विश्व कप से पहले भारत के लिए मनोबल बढ़ाने वाली खबर है। इसे देखते हुए पूरी संभावना है कि राहुल एशिया कप के लिए श्रीलंका की यात्रा कर सकते हैं जिसके लिए भारतीय टीम का चयन 21 अगस्त को होगा।

मैराथन में भाग लेंगे 20 हजार एथलीट

मुंबई। देशभर के 20,000 से अधिक एथलीट रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन के विभिन्न वर्गों में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के छह सत्रों में यह पहला अवसर है जबकि इतने

अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बांद्रा कुर्ला परिसर में जिओ गार्डन से सभी वर्गों की दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रतिष्ठित हाफ मैराथन के लिए पुरुष और महिला वर्ग में 5100 से अधिक एथलीटों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा 10 किमी दौड़ के लिए 9000 और पांच किमी दौड़ के लिए 5900 एथलीटों ने पंजीकरण कराया है।

ट्रांसजेंडर महिलाओं पर लगाया प्रतिबंध

जेनेवा। विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने अपना लिंग परिवर्तन कराकर पुरुष से महिला बने यानि ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों पर महिला प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंध लगा दिया है। फिडे ने कहा है कि जब तक उसके अधिकारी लिंग परिवर्तन की समीक्षा नहीं कर लेते तब तक ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

विश्व चैंपियनशिप : दो पदकों के साथ दूसरे स्थान पर भारत

ईशा और शिवा बने वर्ल्ड चैंपियन टर्कीश जोड़ी को 16-10 से हराया

एजेंसी ▶▶| बाकू

निशानेबाज ईशा सिंह और शिवा नरवाल ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय खेमे को खुश कर दिया। इस भारतीय जोड़ी ने स्पर्धा के फाइनल में तुर्की की इलायडा तरहान और यूसुफ डिकेच की जोड़ी को 16-10 से पराजित कर देश के पदकों की संख्या दो कर दी। भारत इस समय एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर चल रहा है, जबकि चीन पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक से शीर्ष पर काबिज है।

भारतीयों ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें ईशा ने 290 और नरवाल ने 293 अंक जुटाए। उनका कुल स्कोर 583 रहा जिससे उन्हें क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने में मदद मिली और तुर्की की जोड़ी 581 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। चीन और ईरान ने समान 580 अंक जुटाए लेकिन 'इनर 10' की बदौलत चीन तीसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई हुआ।

राइफल निशानेबाज रहे फेल

भारत के राइफल निशानेबाजों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन किया और वे क्वालीफिकेशन चरण की बाधा भी पार नहीं कर सके। मेहुली घोष (316.0) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (314.2) की जोड़ी ने कुल 630.2 का स्कोर बनाया और क्वालीफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहे। वहीं रमिता (313.7) और दिव्यांश सिंह पंवार (314.6) की दूसरी भारतीय जोड़ी कुल 628.3 का स्कोर बनाकर 77 टीमों में 17वें स्थान पर रही। प्रतियोगिता में शीर्ष चार टीमें ही फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं।

चौथे स्थान पर रही स्कीट टीम

महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में परिनाज धालीवाल (118), गनेमत सेखों (118) और दर्शा राठौड़ (115) की टीम 351 अंक बनाकर कांस्य पदक जीतने वाली स्लोवाकिया (359) के बाद चौथे स्थान पर रही। अमेरिका ने इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर खाता खोला जबकि इटली ने रजत पदक हासिल किया। भारत ने गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में टीम कांस्य पदक जीता था।

बुमराह ने लिए 2 विकेट

डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारत ने जीता पहला टी-20

एजेंसी ▶▶| डबलिन

टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 2 रनों से जीत लिया है। टीम को डकवर्थ लुईस मैथड के तहत जीत मिली। डबलिन के द विलेज स्टेडियम में खेला गया मुकाबला भारतीय पारी के 6.5 ओवर में बारिश के कारण रोका गया। तब तक टीम इंडिया ने दो विकेट पर 47 रन बना लिए थे। ऋतुराज गायकवाड 19 और संजू सैमसन एक रन पर नाबाद लौटे। इससे पहले, क्रेग यंग ने 7वें ओवर में लगातार दो विकेट चटकाए। उन्होंने युवा यशस्वी जायसवाल को 24 और तिलक वर्मा को जीरो पर पवेलियन की राह दिलाई। टीम इंडिया ने 46 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवाए। आयरलैंड ने भारत को 140 रन का टारगेट दिया।

भारत ने जीता मुकाबला, लेकिन आयरिश ने भी प्रभावित किया

आयरिश टीम शुरुआत से दबाव में नजर आई, जबकि करीब 11 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पुराने अवतार में नजर आए और पहले ही ओवर में दो विकेट झटक लिए। डेब्यू कर रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने भी बॉल से प्रभाव छोड़ा। उन्होंने 4 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। सबसे ज्यादा प्रभाव आयरलैंड के लोअर ऑर्डर बैटर्स ने छोड़ा। बैरी मैक्कार्थी ने 8वें नंबर पर उतरकर करियर का पहला अर्धशतक जमाया। कर्टिस कैंपर ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। इन दोनों ने 7वें विकेट के लिए 57 रन की पार्टनरशिप की। इसी पार्टनरशिप के दम पर 59 पर 6 विकेट गंवा चुकी आयरिश टीम 139 के टोटल तक पहुंच सकी। जवाबी पारी में भारत के युवा ओपनर्स ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। दोनों ने 46 रन जोड़े, हालांकि इस स्कोर पर गिरे लगातार दो विकेट ने टीम की चिंताएं बढ़ा दी, लेकिन बारिश ने रिजल्ट भारत के पक्ष में कर दिया।

गेंम चेंजर रही बारिश

मैच की दूसरी पारी में बारिश शुरू हो गई, जिसने गेम चेंजर की भूमिका निभाई। जब बारिश आई तब भारत को 79 बॉल पर 93 रन चाहिए थे और बारिश से ठीक पहले भारत ने लगातार दो विकेट गंवा दिए थे। यहां से मैच किसी भी टीम के पक्ष में जा सकता था।

इंटर मियामी से जुड़कर बहुत खुश हूं : मेसी

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी से जुड़ने के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान देते हुए कहा कि वह अमेरिका के इस क्लब से जुड़कर बहुत खुश हैं।

जब से यह स्टार फुटबॉलर इंटर मियामी से जुड़ा है तब से प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों से लेकर फुटबॉल प्रशंसकों के बीच केवल मेसी को लेकर चर्चा हो रही है। मेसी ने कहा, 'शुरुआत से ही मेरे यहां पहुंचने के

बाद हमारा जबरदस्त स्वागत किया गया। आज मैं आपसे कह सकता हूं कि मैंने जो फैसला किया उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं यहां खेलने और फुटबॉल का आनंद लेने के लिए आया हूं।'

तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने की मांग

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री और संदीप पाटिल ने शुक्रवार को प्रतिभाशाली तिलक वर्मा को वनडे विश्वकप के लिए भारतीय टीम के मध्यक्रम में शामिल करने की वकालत की। शास्त्री ने कहा कि 20 वर्षीय वर्मा को टीम में शामिल करने से फायदा होगा क्योंकि वह बाएं हाथ का बल्लेबाज है। उन्होंने कहा, 'मैं तिलक वर्मा के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हूं और मैं मध्यक्रम में बाएं हाथ का बल्लेबाज चाहता हूं। अगर मैं मध्यक्रम में युवराज सिंह और सुरेश रैना जैसा खिलाड़ी चाहता हूं तो मैं निश्चित तौर पर उसके (तिलक वर्मा) नाम पर विचार करूंगा।'

खेल प्रतिभागियों का रानी कमलापति स्टेशन पर स्वागत

केऔसुब ने जीते 14 स्वर्ण समेत 30 पदक

भोपाल

वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम- 2023 में हिस्सा लेकर लौटे केंऔसुब के खेल प्रतिभागियों का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया ।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भेल भोपाल के समादेष्टा हरीश कुमार साहू द्वारा केऔसुब स्पोर्ट्स टीम के प्रतिभागियों को वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम में उनकी अद्वितीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में इन खिलाड़ियों ने कुल 14- स्वर्ण. 07- रजत एवं 09-कांस्य, पदक जीतकर न केवल बल का सम्मान बढ़ाया बल्कि राष्ट्र को भी गौरवान्वित किया। पदक विजेता खिलाड़ियों में मनप्रीत कौर (01-स्वर्ण,03-कांस्य) सूरज पाल (04 स्वर्ण, 01-कांस्य) विजया कुमारी (04 स्वर्ण,02-रजत) रोनाडो बाबू (02 स्वर्ण, 02 रजत) मोनिका (01-गोल्ड,01-रजत,01-कांस्य) जीते। वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स-2023 का आयोजन 28 जुलाई से 06 अगस्त तक विनिपेग,कनाडा में किया गया था, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व सीआईएसएफ खिलाड़ियों ने किया था। हरीश कुमार साहू,समादेष्टा भेल भोपाल ने कहा कि दृढ़ निश्चय अनुशासन एवं एकाग्रता सफलता प्राप्ति के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने टीम के कोचों एवं उनके सराहनीय योगदान के लिए बधाई दी।

थिरिमाने का क्रिकेट से संन्यास मंजूर

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज लाहिरु थिरिमाने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास स्वीकार कर लिया गया है। जनवरी 2010 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 34 वर्षीय थिरिमाने ने सोशल मीडिया के जरिए जुलाई में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से अलविदा कहने की घोषणा की थी। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने लाहिरु थिरिमाने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अलविदा कहने के फैसले को स्वीकार लिया है।'

भारतीय पेरा कैनो स्प्रिंट के लिए आज रवाना होगी टीम

जर्मनी से पेरिस पैरा ओलिंपिक का होगा टिकट पक्का

भोपाल

पैरा कैनो वर्ल्ड जर्मनी के ड्युसबर्ग में 23 से 27 अगस्त तक आयोजित हो रही है। इसमें भाग लेने के लिए भारतीय टीम 19 अगस्त शनिवार को भोपाल से रवाना हो रही है। इस चैंपियनशिप के लिए भोपाल के छोटे तालाब पर लगभग दो माह तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ था। इसमें भारत की 13 सदस्यीय टीम ने जोरदार अभ्यास किया है। यह वर्ल्ड चैंपियनशिप भारत के लिए भी बहुत मायने रखती है। इसी के आधार पर पेरिस में होने वाले पैरा ओलिंपिक के लिए क्वालीफाइ कर सकते हैं। भारत के तीन से चार खिलाड़ी वर्ल्ड कप में पदक के दावेदार भी माने जा रहे हैं। भारतीय पैरा कयाकिंग एंव कैनाइंग के चेयरपर्सन और मुख्य कोच मयंक ठाकुर ने बताया कि भारतीय टीम सुबह भोपाल से दिल्ली रवाना होगी और यहीं से जर्मनी की उड़ान भरेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम में अधिकांश खिलाड़ी मप्र से हैं। पिछले दो माह से टीम का कैंप छोटे तालाब पर चल रहा है। सभी खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने का सपना पूरा हो गया है। वर्ल्ड पैरा कैनो चैंपियनशिप को पैरा ओलिंपिक में जाने का सबसे बड़ा अवसर माना जाता है। इसमें पदक जीतने वाले तीन वाले तीन खिलाड़ियों के अलावा टॉप सिक्स में रहने वाले भी पैरा ओलिंपिक में अपना स्थान पक्का कर लेते हैं।

पेरिस ओलिंपिक में 8 खिलाड़ी कर सकते हैं क्वालीफाई

मयंक ठाकुर ने बताया कि राजधानी के छोटे तालाब पर दो माह तक चले कैंप में हमने सभी खिलाड़ियों को उनकी क्षमता के अनुरूप तैयार किया है। हमारी पूरी टीम इसमें जुटी रही थी। जर्मनी में तीन से अधिक खिलाड़ियों के पैरा ओलिंपिक में क्वालीफाई करने की उम्मीद है। अक्टूबर में होने वाले पैरा एशियन गेम्स में कोटा हासिल करने का मौका रहेगा। सितंबर में फ्रांस में होने वाले वर्ल्ड कप में भी हमारे खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। यह सभी 200 मीटर वर्ग में होंगे। पुरुष वर्ग मे वीएल-1, वीएल-2, वीएल-3, केएल-1, केएल-2 व केएल-3 तथा महिला वर्ग में वीएल-1, वीएल-2, वीएल-3, केएल-1, केएल-2 व केएल-3

भारतीय टीम इस प्रकार है

पूजा ओझा, रजनी झा, प्राची यादव, संगीता राजपूत, शबाना, यश कुमार, गजेंद्र सिंह, जयदीप, संजीव कोटिया, मनीष कौरव, सुरेंद्र कुमार, जिथिन जार्ज व कपिल कुमार। मुख्य कोच मयंक ठाकुर, कोच अनिल राठी, महिला कोच नाजिस मंसूरी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. इशा जोशी व डॉ. आशीष दंडनायक तथा मसाजर रिंकू सिंह।

आर्मी पब्लिक स्कूल, और सेंट थॉमस में आज 14 और 17 वर्ष के फाइनल मुकाबले

सेंट थॉमस कप फुटबॉल में हुए सेमीफाइनल मुकाबले

भोपाल

सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल अयोध्यानगर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेन्ट में शुक्रवार को 14 वर्ष बालक वर्ग व 17 वर्ष बालक वर्ग के दो-दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। 14 वर्ष बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल और सेंट पॉल स्कूल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल स्कूल की टीम ने 1-0 गोल से मैच जीता।

दूसरा सेमीफाइनल मैच मेज़बान सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल व सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर की टीमों के बीच खेला गया जिसमें सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल की टीम ने 2-0 गोल से जीत प्राप्त करके फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच कैम्पियन स्कूल व आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच खेला गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम ने 3-1 गोल से जीत प्राप्त की। दूसरा सेमीफाइनल मैच मेज़बान सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल व सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल स्कूल की टीमों के बीच खेला गया जिसमें सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल की टीम ने 5-1 गोल से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेन्ट में शनिवार को 14 वर्ष बालक वर्ग का फाइनल मैच सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल व आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच खेला जाएगा। 17 वर्ष बालक वर्ग का फाइनल मैच सेंट थॉमस कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेन्डरी स्कूल व आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच खेला जाएगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

7 दिन तक का मिलेगा पूर्वानुमान

बाढ़ की स्थिति की जानकारी और अलर्ट के लिए 'फ्लड वॉच' एप लॉन्च

लोगों को सटीक और समय पर बाढ़ का पूर्वानुमान, वास्तविक समय में निगरानी और बाढ़ से संबंधित जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार ने 'फ्लडवॉच' एप लॉन्च किया है। हिंदी और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध इस एप से निकटतम स्थान पर बाढ़ से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में इन दिनों भारी बारिश की वजह से बाढ़ की स्थिति है। ऐसे में लोगों को बाढ़ की स्थिति की जानकारी देने के लिए एक एप फ्लडवॉच लॉन्च किया गया है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष कुशविंदर वोहरा ने मोबाइल फोन का उपयोग करके बाढ़ की स्थिति से संबंधित जानकारी और वास्तविक समय के आधार पर 7 दिनों तक के पूर्वानुमान का प्रसार करने के उद्देश्य से मोबाइल एप्लिकेशन 'फ्लडवॉच' लॉन्च किया।

2 भाषाओं में मिलेगी बाढ़ की जानकारी

इन-हाउस विकसित किए गए इस एप में पढ़ने योग्य और ऑडियो प्रसारण सामग्री है और सभी जानकारी 2 भाषाओं, अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है। एप की मुख्य विशेषता में वास्तविक समय में बाढ़ की निगरानी शामिल है जहां उपयोगकर्ता पूरे देश में बाढ़ की नवीनतम स्थिति के बारे में पता लगा सकते हैं।

अपने स्टेशन का चुन सकते हैं नाम

अन्य प्रमुख विशेषताओं में से एक इंटरैक्टिव मैप का उपयोग करके पूर्वानुमान लगाना शामिल है जहां उपयोगकर्ता सीधे मैप से बाढ़ पूर्वानुमान (24 घंटे तक) या बाढ़ सलाह (7 दिनों तक) पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या उपयोगकर्ता सर्च बॉक्स में स्टेशन के नाम से भी जानकारी ले सकते हैं। जब ड्रॉप डाउन से किसी स्टेशन का नाम चुना जाता है, तो स्थान मानचित्र पर जूम-इन हो जाएगा। एप राज्य-वार/बेसिन-वार बाढ़ पूर्वानुमान (24 घंटे तक) या बाढ़ सलाह (7 दिन तक) भी प्रदान करेगा, जिसे ड्रॉपडाउन मेनू से राज्यवार या बेसिनवार विशिष्ट स्टेशनों का चयन करके एक्सेस किया जा सकता है।

बाढ़ के दौरान जोखिम करेगा कम

मोबाइल एप उपयोगकर्ता के अनुकूल एप एंड्रॉइड डिवाइस पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और वैश्विक स्तर पर उपयोगकर्ताओं को व्यापक पहुंच प्रदान करता है। एप को गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। एप जल्द ही एप्पल आईओएस पर भी उपलब्ध होगा। 'फ्लडवॉच' एप सटीक और समय पर बाढ़ पूर्वानुमान देने के लिए उपग्रह डेटा विश्लेषण, गणितीय मॉडलिंग और वास्तविक समय की निगरानी जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करता है। इस एप की मदद से यूजर्स देश में बाढ़ की स्थिति के बारे में जरूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं। उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस से किसी के लिए भी सूचना पाना आसान होगा और बाढ़ के दौरान जोखिम को कम करेगा।

एप्पल आईओएस पर भी

हमें 'फ्लडवॉच' का आरंभ करते हुए खुशी हो रही है, एक ऐसा मोबाइल एप है जो देश में वास्तविक समय में बाढ़ की स्थिति और बाढ़ का पूर्वानुमान जनता को प्रदान करता है। उपयोगकर्ता के अनुकूल एप एंड्रॉइड डिवाइस पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और वैश्विक स्तर पर उपयोगकर्ताओं को व्यापक पहुंच प्रदान करता है। एप को गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। एप जल्द ही एप्पल आईओएस पर भी उपलब्ध होगा।

कुशविंदर वोहरा, अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग

खबर संक्षेप

विवेक रामास्वामी के मुरीद हुए एलन मस्क

वॉशिंगटन। अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी रिपब्लिक पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस में हैं।

विवेक रामास्वामी से एलन मस्क बेहद प्रभावित हैं। मस्क ने पहले विवेक को एक होनहार उम्मीदवार बताया और अब फिर अप्रत्यक्ष रूप से विवेक रामास्वामी के विचारों का समर्थन किया है। मस्क ने विवेक रामास्वामी का खुले तौर पर समर्थन करते हुए कहा है कि वह 'अपने विचारों को स्पष्ट रूप से बताते हैं।' मस्क ने विवेक के एक ट्वीट को रीट्वीट कर अपनी बात कही है।

आतंकी गुनहगार राणा जल्द भारत आएगा

वॉशिंगटन। अमेरिकी अदालत ने तहव्वुर राणा के प्रत्यक्षीकरण रिट को खारिज कर दिया है। अमेरिकी अदालत के फैसले के कारण राणा के प्रत्यर्पण को हरी झंडी मिल मिल सकती है। राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई व्यवसायी है। भारत में 2008 में हुए 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले में उसकी संपलिप्तता पाई गई है। भारत ने अमेरिका ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया था। कैलिफॉर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट जज डेल एस फिशर ने 2 अगस्त को राणा की याचिका खारिज कर दी।

अफगानिस्तान की भारत ने की मदद

काबुल। भारत ने अफगानिस्तान गेंहू भेजने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ साझेदारी की है। भारत ने अफगानिस्तान में यूएन डब्ल्यूएफपी केंद्रों को कुल 47,500 मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति की है। शिपमेंट चाबहार बंदरगाह के माध्यम से भेजे जा रहे हैं और अफगानिस्तान के हेरात में यूएनडब्ल्यूएफपी को सौंपे जा रहे हैं। अफगानिस्तान में यूएन डब्ल्यूएफपी ने देश में 16 मिलियन लोगों को भोजन उपलब्ध कराने में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। भारत ने चिकित्सा सामग्री भी उपलब्ध करवाई है।

फ्लाइट में ऑक्सीजन की कमी, यात्री सुरक्षित

बाकू। अजरबैजान से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट कैस्पियन सागर के ऊपर में 6000 फीट की ऊंचाई पर थी। इतनी ऊँचाई पर ऑक्सीजन की कमी आ गई। कुछ यात्रियों के तो मास्क कंपार्टमेंट खुले ही नहीं। कई को सांस लेने में परेशानी होने लगी। इस दौरान विमान में अफरा-तफरी मच गई। विमान में सवार 190 यात्रियों की जान घंटों हलक में अटकी रही। फ्लाइट जे2 5001 को बाकू से दिल्ली आना था लेकिन विमान को वापस बाकू एयरपोर्ट पर लैंडिंग करनी पड़ी। सभी यात्री सुरक्षित बच गए।

यूथ-20 में नवाचार, शांति, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य पर युवाओं का मंथन

युवा शक्ति से भारत जल्द विश्व के प्रथम तीन देशों में होगा शामिलः मंत्री ठाकुर

एजेंसी ⏭ वाराणसी

दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास है जो भारत को दुनिया के सबसे पहले तीन देशों में लाकर खड़ा कर देगी। केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जी-20 के तहत चार दिवसीय वाई-20 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। मंत्री अनुराग सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वाई-20 सम्मेलन का उद्घाटन किया। वाराणसी के रुद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सम्मेलन केंद्र में किया जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास है। यह युवा शक्ति ही हमारी राष्ट्र शक्ति है। उन्होंने भरोसा जताया कि युवा शक्ति ही भारत को दुनिया के सबसे पहले तीन देशों में लाकर खड़ा कर देगी।

जी-20 के तहत चार दिवसीय वाई-20 शिखर सम्मेलन यूपी के वाराणसी में आयोजित हुआ। जिसमें जी-20 देशों, अतिथि राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लगभग 125 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

चर्चा के विषय

कार्य का भविष्यः उद्योग 4.0, नवाचार और 21वीं सदी के कौशल, शांति निर्माण और सुलहः युद्ध रहित युग की शुरुआत, जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण, स्थिरता को जीवन का एक तरीका बनाना और साझा भविष्यः लोकतंत्र और शासन में युवा और स्वास्थ्य, भलाई।

125 प्रतिनिधि ले रहे भाग

जी-20 के तहत वाई-20 (यूथ-20) शिखर सम्मेलन में प्रमुख विशेषज्ञ, नीति निर्माता, जी-20 देशों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि नॉलेज पार्टनर (आईआईएम रायपुर), अकादमिक भागीदार (विश्वविद्यालय/संस्थान) एक साथ मंच साझा कर रहे हैं। चार दिवसीय शिखर सम्मेलन में जी-20 देशों, अतिथि राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लगभग 125 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बैठक के पहले दिन कल प्रतिनिधियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ले जाया गया, जहां पर उन्होंने सुपरकंप्यूटिंग सेंटर और प्रिसिजन इंजीनियरिंग हब का दौरा किया। शाम के समय अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को सारनाथ ले जाया गया, भगवान बुद्ध ने इसी स्थान पर अपना पहला उपदेश दिया था। विदेशी युवा मेहमानों को धर्म नगरी काशी की संस्कृति और अध्यात्म से रूबरू कराने के लिए प्रसिद्ध गंगा घाटों का दो मिनट का वीडियो दिखाया गया।

खेल मंत्रालय द्वारा किया जा रहा आयोजन

भारत की जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत वाई-20 शिखर सम्मेलन केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में कई कार्यक्रमों का समापन होने रहा है जैसे गुवाहाटी में हुई आरंभिक बैठक, लेह और लद्दाख में पूर्व शिखर सम्मेलन और मुख्य शिखर सम्मेलन से पहले देशभर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम।

छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

उद्घाटन सत्र के बाद दूसरे सत्र में आईआईटी बॉम्बे के डॉ. कवि आर्य का 'कार्य और नौकरी सृजन का भविष्य' पर विशेष व्याख्यान, उसके बाद 'उद्यमियों को सलाह और काम का भविष्य' विषयक सत्र में विशेषज्ञों ने जानकारियां साझा कीं। पांचवें सत्र में आईआईटी (बीएचयू) की ओर से 'स्कूल और कॉलेज पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुए खास सत्र में बीएचयू के छात्रों ने अपनी प्रतिभा से बनाए मॉडल और प्रयोग दिखाए। गौरतलब हो कि वाराणसी में आयोजित वाई-20 शिखर सम्मेलन पिछले कुछ महीनों के दौरान हुई चर्चाओं के निष्कर्षों से बनाई गई वाई-20 विज्ञप्ति पर बातचीत करने, अंतिम रूप देने और हस्ताक्षर करने के लिए जी-20 देशों के युवा विशेषज्ञों, निर्णय निर्माताओं और युवा प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा। यह वाई-20 विज्ञप्ति पांच पहचाने गए विषयों को कवर करते हुए भारत की आम दृष्टि के सार को प्रदर्शित करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि युवाओं की आवाज उन लोगों द्वारा सुनी जाए जो उच्चतम स्तर के नीतिगत निर्णय लेते हैं।

ऊपनी में 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का विधायक महिया ने किया लोकार्पण,कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़

बीकानेर। उपखण्ड के गांव ऊपनी में शुक्रवार को शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल के 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक गिरधारीलाल महिया के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इन विकास कार्यों की सौगात मिलने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऊपनी गांव के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई और मौजिज नागरिकों ने गांव की तरफ से साफा एवं फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक महिया ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक गांव में राजनीति से ऊपर उठकर विकास कार्यों की स्वीकृति दिलवाई गई और तमाम कार्यों को धरातल पर भी लागू करवाया गया। जिससे ऊपनी सहित आसपास के गांवों के हजारों लोग लाभान्वित होगें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते आमजन की मूलभूत समस्याओं का निवारण करना प्राथमिकता रही है। ताकि प्रत्येक तबके को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी नहीं हों। इस दौरान सोनियासर सरपंच नंदकिशोर बिहानी, सोनियासर शिवदानसिंह सरपंच खिराजराम मेघवाल, टेऊ सरपंच सुनील दुगरिया, कल्याणसर पुराना सरपंच प्रतिनिधि ताजूरान नायक, पूर्व जिला प्रमुख मेघाराम महिया, पूर्व सरपंच रतनसिंह राठौड़ व समुद्रसिंह, माकपा शहर अध्यक्ष रामेश्वर बाहेती, पार्षद हनुमान मेघवाल, मोहम्मद ताहिर, प्रहलाद भांभू, खेतनाथ सिद्ध, रामेश्वरलाल गोदारा, लक्ष्मणराम गोदारा, गणपतराम महिया, मामराज हरडू , सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मॉडल स्कूल को बालिका छात्रावास, प्राइमरी स्कूल व लैब की सौगात : ऊपनी गांव स्थित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल ब्लॉक श्रीडूंगरगढ़ में विधायक महिया के प्रयासों से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के बाद बालिका छात्रावास, प्राइमरी स्कूल एवं साइंस लैब का निर्माण कार्य पूरा होने पर सैंकड़ों बच्चे लाभान्वित होंगे और स्कूल के नामांकन में भी इजाफा होगा। विधायक महिया ने इन विकास कार्यों का लोकार्पण कर स्कूल प्रबंधन की समस्त जानकारी लेकर विधार्थियों से रूबरू हुए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग व स्कूल स्टाफ द्वारा विधायक महिया का स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर विधायक महिया ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास की दिशा में मॉडल स्कूल बेहतर कार्य कर रहे है और स्कूल स्टाफ की मेहनत भी बच्चों का भविष्य संवारने के लिये आवश्यक है। उन्होंने मॉडल स्कूल में पेयजल प्रबंधन हेतु नया ट्यूबवेल बनवाने का आश्वासन दिया। विधायक महिया ने बताया कि स्कूल स्टाफ व अभिभावकों की मांग के आधार पर मॉडल स्कूल परिसर में 1 करोड़ 83 लाख की लागत से अत्याधुनिक बालिका छात्रावास के साथ-साथ 1 करोड़ 30 लाख की लागत से प्राइमरी स्तर स्कूल का भवन एवं 7 लाख से साइंस लैब का निर्माण पूर्ण करवाया गया है। जिससे मॉडल स्कूल के प्रति क्षेत्र के बच्चों व अभिभावकों का रूझान बढ़ेगा। इस दौरान शिक्षा विभाग से सीबीईओ ओमप्रकाश, मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य योगेश शर्मा और समसा के अधिकारी मौजूद रहे।

पीएचसी भवन की 20 सालों की मुराद ने लिया आकार:- ऊपनी गांव में संचालित पीएचसी के स्थायी भवन के लिए पिछले 20 सालों से ग्रामीण मांग करते आ रहे थे। किन्तु आमजन की माँग को हर बार दरकिनार किया गया। विधायक महिया ने चुनावी वादे के मुताबिक राज्य सरकार से ऊपनी पीएचसी के भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 83 लाख की स्वीकृति दिलवाई और पीएचसी भवन का शिलान्यास करने के बाद स्थानीय अधिकारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर पीएचसी भवन का निर्माण समय पर पूर्ण करवाया। शुक्रवार को विधायक महिया ने पीएचसी भवन का लोकार्पण कर जनहित में समर्पित किया तो ग्रामीणों ने 20 सालों की कठिन तपस्या को ध्यान में रखकर पीएचसी के आधुनिक भवन की सौगार पर विधायक महिया का आभार व्यक्त किया।

यूएस ने यूक्रेन को दिए एफ-16

रूस ने एसयू-75 चेकमेट के लिए भारत और चीन को दिया निमंत्रण

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिका ने डेनमार्क और नीदरलैंड से यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों की खेप को देने की मंजूरी दे दी है। इन्हें यूक्रेन भेजने का उद्देश्य रूस की सेनाओं के खिलाफ जंग में यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। यूक्रेन के पायलटों की ट्रेनिंग पूरा होने के बाद वहां पर एफ-16 विमानों की तैनाती होगी। यूक्रेन लंबे समय से रूस के हवाई प्रभुत्व का जवाब देने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अमेरिका निर्मित एफ-16 लड़ाकू विमानों को दिए जाने की गुहार लगा रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने डेनमार्क और नीदरलैंड के विदेश मंत्रियों को पत्र भी भेजा है।

एसयू-75 चेकमेट प्रोग्राम में भारत और चीन को बुलावा

वहीं बड़ा दांव चलते रूस ने अपने पांचवीं पीढ़ी के सिंगल-सीट वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमान एसयू-75 चेकमेट के विकास प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए भारत और चीन को निमंत्रण दिया है। एसयू-75 चेकमेट के डिजाइन में हाल ही में बड़े बदलाव किए गए हैं।

जयपुर चलो : शहीद स्मारक पर विशाल गाइड महापड़ाव दे रहे

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। सम्पूर्ण राजस्थान के सभी गाइड बन्धुओं जानकारी देते हुए बताया कि जैसा कि आप सभी को विदित हैं कि हम 21 व 22 अगस्त 2023 को शहीद स्मारक जयपुर पर विशाल गाइड महापडाव दे रहे हैं। इस बार हमारा यह विशाल महापड़ाव हमख सभी के लिए महत्वपूर्ण हैं। सम्पूर्ण राजस्थान की सभी गाइड़ समितियाँ, संगठन , गाइड़ समूह केन्द्र स्तरीय समितियाँ , राज्य स्थरीय समितियाँ , जिला स्थरीय समितियाँ व सभी मॉनूमेन्टस-समितियाँ व गाइड़ से सम्बन्धित सभी समितियाँ और गाइड से जुड़े हुए अन्य संस्थान हॉटल्स , मॉटल्स और रिजोर्ट तथा ट्रेवल एजेन्सियाँ टेक्सीयो के चालक व विभिन्न शॉरूम के मालिक व उनके कर्मचारी और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हुए सभी बन्धुओं से निवेदन हैं कि 21 व 22 अगस्त 2023 को राजस्थान में पर्यटन से सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्य का बहिष्कार करें व हमारे इस सामूहिक विशाल महापड़ाव को ज्यादा से ज्यादा संख्या में। उन्होंने अपील की कि साफा पधाकर सफल बनायें तथा अपना महत्वपूर्ण योगदान देंवे । विशेष : सभी से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में धरना स्थल पर पधारें । सामूहिक व्यवस्था बनायें रखें । किसी भी प्रकार की नारेबाजी ना करें । प्रशासन से तालमेल बनाकर रखें । शान्ति व्यवस्था बनायें रखें व अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें है।

अलवर के भजीट का एक शातिर फर्जी स्टांप के जरिए करोड़ों की जमीन हड़पने के मामले में पहुंचा जेल

सितारा न्यूज नेटवर्क

रुपेश शर्मा / अलवर । अलवर। दिनांक 18 जून 2022 को एमआईए पुलिस थाना अंतर्गत गांव भजीट का निवासी घनश्याम सैनी पुत्र रामजीलाल सैनी उम्र 60 वर्ष में फर्जी ?100 का एग्रीमेंट पर फर्जी हस्ताक्षर कर करोड़ों की जमीन हड़पने की नीयत से पुलिस के हत्ते चढ़ गया। इसके खिलाफ पुलिस ने विभिन्न 420,406,467, 468, 471 धाराओ में मामला दर्ज किया। बाद में आरोपी को पता चलने के पश्चात करीब एक महीना आरोपी घनश्याम पुलिस की गिरफ्तारी से फरार रहा। आरोपी के गाँव घर पर पुलिस की निरंतर दबिश के चलते 4 अगस्त 2022 को एमआईए पुलिस थाने ने गिरफ्तार कर लिया और जेल पहुंचा दिया। गौरतलब है कि आरोपी घनश्याम सैनी पुत्र रामजीलाल सैनी ने आदतन आरोपी होते हुए अपने ही भाई बंधुओ की पुरानी पुश्तैनी जमीन फर्जी एग्रीमेंट के जरिए अपने नाम कर ली। परिवार में बड़ा होने पर इसका को विरोध नही कर पाया। परंतु इस बार रिश्ते में लगने वाला भाई सुभाष सैनी की पत्नी टीना सैनी की 100 रुपए की फर्जी एग्रीमेंट के जरिए जमीन हड़पना चाहता था। परंतु इस बार वह अपने फजीर्वाडे के जाल में खुद ही फंस गया। न्यायालय ने आरोपी घनश्याम की अग्रिम जमानत खारिज करते हुए उसे जेल पहुंचा दिया और सत्यता की जीत हुई। आरोपी घनश्याम सैनी ने अपनी बुरी नियत से जमीन हड़पने के साथ साथ ही अपने रिश्ते में लगने वाले परिवार के सदस्यों के खिलाफ झूठा फर्जी मुकदमा दर्ज भी करवाया था, जिसके चलते एमआईए पुलिस थाने ने पूरे फर्जी मामले में एफआर लगा दी ।

कॉमर्स कालेज अलवर में प्राचार्य डॉ. स्मिता मिश्रा ने फीता काटकर वाचनालय का किया शुभारंभ

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना । अलवर जिला मुख्यालय पर 18 अगस्त 2023 को राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में वाचनालय का प्राचार्य डॉ.स्मिता मिश्रा ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। महाविद्यालय पुस्तकालय के प्रभारी प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के लिए इस वाचनालय का शुभारम्भ किया गया है एवं उन्होने बताया कि लाइब्रेरी किसी भी शिक्षण संस्था का एक अति महत्वपूर्ण भाग होती है। लाइब्रेरी में ही मानव के विकास और विनाश के विचार जन्म लेते है। हमें लाइब्रेरी में पुस्तको को पढने की आदत में सुधार लाकर सामाजिक बदलाव में भूमिका निभानी चाहिए। लाइब्रेरी मे सभी विद्यार्थियों के लिए उनके सिलेबस से सम्बन्धित पुस्तके , सामान्य ज्ञान की पुस्तके और रोजगार समाचार पत्र आदि उपलब्ध है। इस मौके पर प्रोफेसर हरगोविन्द खरेरा , प्रोफेसर अंजलि नागर , प्रोफेसर भगवान सहाय मीना , प्रोफेसर भागीरथ प्रसाद मीना , प्रो. अजय तंवर , प्रो. रेणुका , प्रो. ज्योति यादव , प्रो.पूनम गोस्वामी , वरिष्ठ सहायक हीरा लाल यादव , निशांत शर्मा , आनन्द गोयल सहित महाविद्यालय का स्टाफ व विधार्थी मौजूद रहें। मिडिया को यह सारी जानकारी प्राचार्य के निर्देशन मे प्रोफेसर भागीरथ मीना के द्वारा दी गई है।



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com